संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक-013/रायगढ़/2020-2022

दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com
ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 267 मंगलवार 29 जुलाई 2025,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### सेना ने महादेव,पहलगाम के तीन संदिग्ध हमलावरों को किया ढेर



**नई दिल्ली,28 जुलाई 2025 (ए)।** जम्मू और कश्मीर में एक बार फिर सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। खबर है कि जवानों ने ऑपरेशन महादेव के तहत पहलगाम नरसंहार में शामिल संदिग्ध आतंकियों को घेर लिया। एनकाउंटर में 3 आतंकी ढेर हो गए हैं। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। 22 अप्रैल को हुए हमले में 26 लोगों की हत्या कर दी गई थी।

### गरीबी से हारे माँ-बाप ने 28 दिन की बेटी का 20 हजार में किया सौदा



**पुलिस ने वक्त रहते मासूम को बचाया**

**बोलनगीर,28 जुलाई 2025 (ए)।** ओडिशा के बोलनगीर जिले से मानवता को झकझोर देने वाली एक घटना सामने आई है,जहां आर्थिक तंगी से जूझ रहे एक दंपति पर अपनी महज 28 दिन की मासूम बेटी को 20 हजार रुपये में बेचने का गंभीर आरोप लगा है। इस सनसनीखेज मामले की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और बच्ची को सुरक्षित बरामद कर लिया। हालांकि,माता-पिता और बच्ची को लेने वाले दंपति, दोनों ने ही पैसे के लेनदेन से इनकार किया है और इसे बेहतर परवरिश के लिए उठाया गया कदम बताया है।

### गाजियाबाद में चल रहा था चार अन्य देशों का फर्जी दूतावास



**गाजियाबाद,28 जुलाई 2025 (ए)।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद में यूपी एसटीएफ ने हाल ही में फर्जी दूतावास का भंडाफोड़ किया। गाजियाबाद के कविनगर में इस दूतावास में एक नहीं चार-चार देशों की एंबेसी चल रही थी। इस घर के बाहर डिप्लोमेटिक नंबर प्लेट वाली लग्जरी गाड़ियां भी लगी रहती थी। इतना ही नहीं आरोपी विदेश मंत्रालय की मुहर वाले फर्जी दस्तावेज तैयार कर रखे थे। स्क्सस्र ने छापेमारी में यहां से 12 फर्जी डिप्लोमेटिक पासपोर्ट बरामद किए। हालांकि यहां चार देशों की जिस एंबेसी होने की बात कही जा रही थी

### रेव पार्टी में रेड,खडसे के दामाद समेत 7 गिरफ्तार

**पुणे,28 जुलाई 2025 (ए)।** महाराष्ट्र की राजनीति एक बार फिर विवादों के घेरे में है, इस बार वजह बनी है एक हाईप्रोफाइल रेव पार्टी, जहां से गिरफ्तार किए गए एक व्यक्ति की पहचान एकनाथ खडसे के दामाद प्रांजल खेवलकर के रूप में हुई है। पुणे पुलिस ने रविवार तड़के खराड़ी इलाके के एक स्टूडियो अपार्टमेंट में छापा मारते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार किया और नशीले पदार्थों का जखीरा भी बरामद किया।पुलिस के मुताबिक, पार्टी में 2.7 ग्राम कोकीन, 70 ग्राम गांजा, हुक्का सेट, हुक्का फ्लेवर और शराब की कई बोतलें बरामद की गईं। इस कार्रवाई के बाद प्रांजल खेवलकर का नाम सामने आते ही सियासी भूचाल आ गया। खेवलकर की शादी राकांपा नेता एकनाथ खडसे की बेटी रोहिणी से हुई है, जो वर्तमान में राकांपा (शरद पवार गुट) की महिला विंग की अध्यक्षा भी हैं।



# संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर मचा भारी हंगामा

## 'ऑपरेशन सिंदूर' पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बयान...सेना ने 22 मिनट में 100 आतंकियों को मार गिराया



**नई दिल्ली,28 जुलाई 2025 (ए)।** लोकसभा में सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि यह भारत की सैन्य शक्ति और निर्णायक नेतृत्व का प्रतीक है। उन्होंने कहा, हमने आतंकियों से हमारी माताओं-बहनों के सिंदूर का बदला लिया। सेना ने पाकिस्तान में घुसकर 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया और 100 से अधिक आतंकी व हैंडलर मारे गए। राजनाथ सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई केवल 22 मिनट में पूरी की गई और इसमें सेना के तीनों अंगों -थल, वायु और नौसेना ने समन्वय के साथ हिस्सा लिया। संसद में हंगामे के बीच एसआईआर विवाद पर विपक्ष के विरोध के बाद दोपहर 2:05 बजे शुरू हुई 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा इससे पहले, लोकसभा की कार्यवाही बिहार में वोटर वेरिफिकेशन से जुड़े 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन'के मुद्दे पर विपक्षी हंगामे के चलते तीन बार स्थगित करनी पड़ी। आखिरकार दोपहर 2: 05 बजे 'ऑपरेशन सिंदूर'पर बहुप्रतीक्षित चर्चा शुरू हो सकी। राजनाथ सिंह ने चर्चा शुरू करते हुए कहा कि वह सभी दलों का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने इस ऐतिहासिक सैन्य अभियान पर संसद में चर्चा की सहमति दी।

**ऑपरेशन सिंदूर ट्राई सर्विस कोऑर्डिनेशन का श्रेष्ठ उदाहरण...**

थल, वायु और नौसेना ने मिलकर दिया पाकिस्तान को जवाब,समुद्र से लेकर जमीन तक दिखाया दम रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेनाओं की एकजुटता और रणनीतिक कौशल का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि नौसेना ने उत्तरी समुद्र क्षेत्र में तैनाती मजबूत की, जबकि वायुसेना ने मुरीदके और बहावलपुर में आतंकियों के अड्डों को निशाना बनाया। राजनाथ सिंह ने कहा, हमारी कार्रवाई पूरी तरह आत्मरक्षा में थी। पाकिस्तान की ओर से इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सहित कई उकसावे किए गए, जिनका मुंहतोड़ जवाब दिया गया।

**दुश्मन को अंधेरे में भी मात दी**

रक्षा मंत्री ने बताया कि रात के अंधेरे में ऑपरेशन को अंजाम देने के बावजूद सेनाओं ने सभी सबूत इकट्ठा किए और उन्हें प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से सार्वजनिक किया। भारत के डीजीएमओ ने पाकिस्तान के डीजी एमओ से रात 1:35 बजे बात कर इस कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत की ओर से की गई यह कार्रवाई 'एस्केलेटरी' नहीं थी, बल्कि सटीक और नियंत्रित थी।

**पीएम मोदी ने सेना को दी खुली छूट**

रक्षा मंत्री ने बताया कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोगों की जान गई थी। हमलावरों ने धर्म पूछकर लोगों को मारा था, जो भारत की सहनशक्ति की गंभीर परीक्षा थी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेनाओं को पूरी छूट दी कि वे सटीक और निर्णायक कार्रवाई करें।

**सिंदूर की लाली,भारत के शौर्य की कहानी**

अपने संबोधन के अंत में राजनाथ सिंह ने कहा, यह सिंदूर की लाली शौर्य की कहानी है, भारत के मस्तक पर वीरता की निशानी है। उन्होंने वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि यह ऑपरेशन भारत की ताकत, धैर्य और संकल्प का परिचय है, जो दुश्मनों को हर मोर्चे पर जवाब देने में सक्षम है।

### राजनाथ बोले आईएसआई के समर्थन से पले-बढ़े थे आतंकी

100 से अधिक आतंकियों, ट्रेनरों और हैंडलरों का सफाया, पाकिस्तान के नागरिकों को नुकसान नहीं पहुंचाया गया रक्षा मंत्री ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि पाकिस्तान के आम नागरिकों को कोई क्षति न हो। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई इन आतंकियों को खुला समर्थन दे रही थी, लेकिन भारतीय सेना ने केवल टारगेटेड स्ट्राइक कर आतंकी अड्डों को खत्म किया।

# छत्तीसगढ़ में 2 नन की गिरफ्तारी पर सियासी बवाल

## केरल सीएम ने पीएम से की दखल की मांग



**नई दिल्ली,28 जुलाई 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को 2 नन को गिरफ्तार किया गया था। तूल पकड़ने के बाद अब यह मामला पूरी तरह से सियासी रंग ले चुका है। मामले को लेकर केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग की है।

**दुर्ग रेलवे स्टेशन से हुई गिरफ्तारी**

केरल की 2 नन (सिस्टर वंदना और सिस्टर प्रीति) को छत्तीसगढ़ के दुर्ग रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार किया गया था। इन दोनों पर जबरन धर्मांतरण और मानव तस्करी के आरोप लगाए गए हैं। गिरफ्तारी के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है।

**मामले में चर्च की प्रतिक्रिया**

दोनों गिरफ्तार नन ग्रीन गार्डन्स धार्मिक समुदाय से हैं और 3 महिलाओं के साथ आगरा के फातिमा अस्पताल जा रही थीं, जहां उन्हें काम शुरू करना था। सीरो-मालाबार चर्च ने इनकी गिरफ्तारी की निंदा की है और इसे अल्पसंख्यकों पर हमला बताया है। चर्च का दावा है कि दोनों नन के पास सभी ज़रूरी दस्तावेज़ थे, फिर भी बजरंग दल के कार्यकर्ता होने का दावा करने वाली भीड़ ने उन्हें रोका और धर्मांतरण के आरोप लगाए।

**केरल सीएम की पीएम मोदी से अपील**

मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि सिस्टर वंदना फ्रांसिस और सिस्टर प्रीति को उस समय हिरासत में लिया गया जब वे अपने कॉन्वेंट में नौकरी के लिए आई महिलाओं को लेने रेलवे स्टेशन पहुंची थीं। सीएम विजयन ने यह भी बताया कि दोनों नन के रिश्तेदारों का कहना है कि वे उनसे बात नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने पीएम से पारदर्शी और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

**कांग्रेस का भाजपा पर निशाना**

मामले को लेकर केरल कांग्रेस ने भाजपा और संघ परिवार पर तीखा हमला बोला है। एआईसीसी महासचिव के सी वेणुगोपाल और नेता विपक्ष वी डी सतीशन ने कहा कि यह भाजपा शासित राज्यों में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे हमलों का उदाहरण है। के सी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया पर लिखा छत्तीसगढ़,ओडिशा और मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ते जा रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने एस आई आर पर रोक नहीं लगाई

## चुनाव आयोग से मांगा दस्तावेजों का अध्ययन



**पटना,28 जुलाई 2025 (ए)।** बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर गंभीर विवाद उत्पन्न हो गया है। इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में हुई,जहां उच्चतम न्यायालय ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह इस पुनरीक्षण प्रक्रिया में मतदाताओं की पहचान के लिए आधार कार्ड और मतदाता फोटो पहचान पत्र को स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची में शामिल करने पर विचार करे।

**सुप्रीम कोर्ट ने पक्षकारों से मांगा बहस के लिए समय**

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले के पक्षकारों से पूछा कि वे इस विवाद पर बहस के लिए कितना समय लेना चाहते हैं। इसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित करने की बात कही। इससे स्पष्ट है कि न्यायालय इस मुद्दे पर पूरी गहराई से विचार करना चाहता है ताकि मतदाता सूची के पुनरीक्षण में पारदर्शिता और न्यायसंगत प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

# यशवंत वर्मा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई



**नई दिल्ली,28 जुलाई 2025 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई शुरू की। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने आंतरिक न्यायिक जांच के निष्कर्षों को चुनौती दी है,जिसमें उन्हें दिल्ली स्थित उनके आधिकारिक आवास पर अधजले नोट मिलने के संबंध में कदाचार का दोषी ठहराया गया था। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ए.जी. मसीह की पीठ ने याचिका की रूपरेखा और न्यायाधीश के आचरण पर तीखे सवाल उठाए। याचिका में आंतरिक पैनल के निष्कर्षों और तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने की सिफारिश को अमान्य ठहराने की मांग की गई है।

## जैसलमेर और उदयपुर में हुआ स्कूल हादसा

### एक बच्चे की मौत, बाल-बाल बचे 45 छात्र

**जोधपुर,28 जुलाई 2025 (ए)।** झालावाड़ स्कूल हादसे का घटना से लोग उबरे ही नहीं है वहीं राजस्थान के जैसलमेर में स्कूल गेट गिरने से एक छात्र की मौत हो गई और एक शिक्षक के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई है। शिक्षक को जवाहर हॉस्पिटल रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर प्रशासनिक अमला भी मौके पर पहुंचा है वहीं प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने घटना पर दुख जाहिर करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।



# पति के स्पर्म के बजाय दूसरे शख्स के स्पर्म से पैदा कर दिया बच्चा



**हैदराबाद,28 जुलाई 2025 (ए)।** हैदराबाद में सरोगेसी के नाम पर एक दंपति को ठगने वाले सृष्टि टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर के मामले में सनसनीखेज विवरण सामने आए हैं।। डीसीपी रश्मि पेरुमल और डीएमएचओ वेंकट ने मीडिया के सामने इस मामले से जुड़ी जांच का ब्योरा उजागर किया। राजस्थान के एक दंपति ने सरोगेसी के जरिए बच्चे के लिए सिकंदराबाद के सृष्टि टेस्ट ट्यूब सेंटर की डॉ. नम्रता से संपर्क किया। राजस्थानी महिला अपने पति के शुक्राणु से बच्चा पैदा करना चाहती थी। नम्रता ने कहा कि सरोगेसी से बच्चा दिलाने में 30 लाख रुपये खर्च होंगे। नम्रता ने उन्हें विजयवाड़ा स्थित अपने केंद्र में भेज दिया। वहां,डॉ. करुणा और सोनाली की देखरेख में उनका परीक्षण किया गया। पति के वीर्य के नमूने लिए गए। कुछ दिनों के बाद, उन्होंने विशाखापट्टनम की एक महिला को दिखाया और दंपति से 30 लाख रुपये वसूले उन्होंने यह कहते हुए अतिरिक्त 10 लाख रुपये वसूले कि सिजेरियन करना होगा।

## मराठा परिवार होना मेरी सबसे बड़ी भूल



» **मंत्री पद न मिलने पर एनसीपी नेता ने क्यों कहा ऐसा...**

» **अजित पवार पर कसा तंज...**

**संभाजीनगर,28 जुलाई 2025 (ए)।** महाराष्ट्र में मराठा अधिकार की आवाज अब सत्तापक्ष के खेमे में भी दस्तक देने लगी है। एनसीपी नेता प्रकाश सोलंके ने इसे लेकर अपनी की सरकार पर हमला बोल दिया है। उनका कहना है कि उन्हें अभी तक मंत्री पद नहीं मिला,जिसकी सबसे बड़ी वजह उनका मराठी होना है। प्रकाश सोलंके चार बार मालेगांव से विधायक रह चुके हैं। रविवार को बीड में मीडिया से बात करते हुए प्रकाश ने कहा कि बीड में मराठा ही एनसीपी को मजबूत बनाते हैं। हालांकि जब मंत्री पद या गार्जियन मंत्री बनाने की बात आती है तो पार्टी मराठाओं को ही नजरअंदाज कर देती है।

# कैश फॉर क्वेरी घोटाले में महुआ मोइत्रा की बढ़ी मुश्किलें

» **सीबीआई ने लोकपाल को सौंपी जांच रिपोर्ट.**



**नई दिल्ली,28 जुलाई 2025 (ए)।** कथित कैश फॉर क्वेरी घोटाले में सीबीआई ने अपनी जांच रिपोर्ट लोकपाल को सौंप दी है। सोमवार को अधिकारियों ने जो जानकारी दी,उसके मुताबिक यह मामला टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़ा है। इस मामले में सीबीआई ने पिछले साल 21 मार्च को महुआ मोइत्रा और हीरानंदानी के खिलाफ भ्रष्टाचार कानूनों की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज किया था, जो लोकपाल की ओर से उसे सौंपा गया था। इस मामले में महुआ मोइत्रा पर हीरानंदानी से रिश्वत लेकर और अन्य अनुचित फायदा उठाकर संसद में सवाल पूछने और अन्य भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। कथित कैश फॉर क्वेरी घोटाले में महुआ पर आरोप है कि उन्होंने भ्रष्ट आचरण में संलिप्त होकर अपने संसदीय विशेषाधिकारों के साथ समझौता किया और लोकसभा लॉगइन जानकारियां साझा करके राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाला। सीबीआई ने इसी मामले में अपनी जांच रिपोर्ट लोकपाल को सौंप दी है। अधिकारियों के मुताबिक अब लोकपाल ही इसपर आगे की कार्रवाई तय करेगा।

## धरती पर किसी भी दस्तावेज को बनाया जा सकता है जाली

**नई दिल्ली,28 जुलाई 2025 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बिहार में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण में आधार और मतदाता पहचान पत्र को वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने में निर्वाचन आयोग की अनिच्छा पर सवाल उठाया है। कोर्ट ने कहा कि कोई भी दस्तावेज जाली हो सकता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने चुनाव आयोग के बहिष्कारपूर्ण दृष्टिकोण पर चिंता व्यक्त की है। साथ ही कोर्ट की पीठ ने सत्यापन प्रक्रिया में दोनों दस्तावेजों को शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, धरती पर किसी भी दस्तावेज को जाली बनाया जा सकता है। उन्होंने चुनाव आयोग पर यह स्पष्ट करने का दबाव डाला कि आधार और ईपीआईसी को पूरी तरह से स्वीकार क्यों नहीं किया जा रहा है,जबकि पंजीकरण फॉर्म में आधार पहले से ही मांगा जा रहा है।



# संपादकीय

## रिश्ता तोड़ने आमादा दंपति

सुप्रीम कोर्ट ने ताजा फैसले में कहा है कि पति-पत्नी का एक-दूसरे पर नजर रखना इसका सबूत है कि उनकी शादी मजबूत नहीं चल रही है। इसलिए इसका इस्तेमाल न्यायिक कार्यवाही में किया जा सकता है। पीठ ने पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया। जिसमें कहा है, दंपति के दरम्यान गुप्त बातचीत साक्ष्य अधिनियम की धारा 122 के तहत संरक्षित है,इसका प्रयोग न्यायिक कार्रवाई में नहीं किया जा सकता।पीठ ने निचली अदालत के आदेश को बहाल रखते हुए कहा, वैवाहिक कार्यवाही के दौरान रिकॉर्ड की गई बातचीत को संज्ञान लिया जा सकता है। यह मामला बठिंडा की कुटुंब अदालत के फैसले पर आधारित है, जिसमें पति को फोन कॉल वाली सीडी का सहारा लेने की अनुमति दी गई थी। पत्नी ने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी। उसका तर्क था कि यह रिकॉर्डिंग उसकी सहमति या जानकारी के बगैर थी,जो निजता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। अदालत द्वारा इसे कानूनी रूप से अनुचित भी ठहराया गया। मगर सबसे बड़ी अदालत ने माना कि जब विवाह ऐसे स्तर पा पहुंच गया है, जहां दंपति एक-दूसरे की सक्रियता पर नजर रख रहे हों। यह अपने-आपमें रिश्ता तोड़ने का लक्षण है।हालांकि पीठ ने स्वीकारा कि इस तरह के साक्ष्यों को अनुमति देने से घरेलू सौहार्द व वैवाहिक संबंध खतरे में पड़ सकता है। देश में तलाक बेहद जटिल प्रक्रिया है। न्यायिक झंझटों,आरोपों-प्रत्यारोंपो, साक्ष्यों सरीखी दिक्कतों के चलते कई दफा दंपति आपसी सहमति से अलग तो जाते हैं मगर तलाक नहीं लेते। हालांकि सच तो यह भी है कि अभी भी अपने समाज में न्यूनतम संबंध विच्छेद होते हैं। जो धीरे-धीरे बढ़ते जा रहे हैं। अंतिम प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देश में केवल चौदह लाख लोग तलाकशुदा है। यहां बुरी से बुरी शादी भी सामाजिक/पारिवारिक दबाव में चलाई जाती रहती है। बेहद नाजुक संबंध होने के बावजूद विवाह परिवार का मुख्य केंद्र है। मगर वैवाहिक जीवन में दरारें, मन-मुटाव,संदेह,छल या विवाहेतर संबंधों की अनदेखी कई बार मुश्किल हो जाती है। तलाक के निमयों को काफी आसान बनाए जाने के बावजूद अड़चने कम नहीं की जा सकीं हैं। रिश्ता तोड़ने को आमादा दंपति को बेशक एक मौका देना चाहिए। मगर यदि वे साथ रहने को ही राजी नहीं तो किसी भी अदालत,समाज या परिवार को उन्हें जबरन एक-दूसरे पर थोपने को बाध्य नहीं करना चाहिए।

# क्या मंत्री-विधायकों के पास इतना समय है...

# कि वह व्यस्ततम समय के बीच अन्य कार्यों के लिए समय निकाल सकते हैं?



-रवि सिंह-
कोरिया,छत्तीसगढ़



काम करने वालों के पास समय का अभाव है,जो नौकरी करते हैं वह भी अपने घर के कार्यों के लिए समय निकाल नहीं पाते हैं क्योंकि शरीर में जो ऊर्जा बनती है वह भी ऊर्जा खत्म होती है और खत्म ऊर्जा के साथ शायद ही कोई अन्य काम हो पाए,जब नौकरी पेशे या व्यापार से जुड़े हुए लोग मूल काम के अलावा अतिरिक्त समय अपने लिए घर परिवार के कार्य के लिए निकाल पाने में तरस जाते हैं। जैसे-तैसे समय उन्हें मिल पाता है और जब मिलता है तो वह शायद उन कामों को कर पाते हैं जो काम उनकी वजह से घर का या घर से संबंधित निजी नहीं हो पाता है,पर इस व्यस्ततम समय में यदि देखा जाए तो जनप्रतिनिधियों को सबसे व्यस्त माना गया है। यानी की देश के प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तमाम मंत्री विधायक सांसद सभी सबसे व्यस्ततम व्यक्ति माने जाते हैं। मुख्यमंत्री के तो कार्यों के लिए ऐसा कहा जाता है कि पूरा प्रदेश चलाना होता है उन्हें बहुत काम करना पड़ता है वह भी राज्य के लिए। कुछ ऐसा ही मंत्री के साथ है और कुछ ऐसा ही विधायक के साथ है इनके ऊपर बहुत बड़े क्षेत्र की जिम्मेदारी होती है पर इस बीच प्रोपेगेंडा या सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए क्या इन्हें समय मिल जाता है? अब आप सोच रहे होंगे कि यह सवाल क्यों हो रहा है तो यह सवाल इसलिए हो रहा है कि निर्वाचित जन प्रतिनिधि जो प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री, मंत्री,सांसद,विधायक बनते हैं उनके पास जो काम होता है जो जिम्मेदारी होती है। वह काफी बड़ी होती है इतनी बड़ी जिम्मेदारी के साथ इतने बड़े क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करना और समस्याओं को देखना और उस बीच अपने लिए आराम का समय निकालना भी उनके लिए कठिन होता है, फिर वह कैसे खेती-किसानी जैसे फोटो को सोशल मीडिया पर डालकर लोकप्रियता हासिल करना चाहते हैं? सभी को पता है कि यह सक्षम व्यक्ति हैं जो किसान तो हैं,पर उनके पास काम करने वालों की कमी नहीं है। उनके भरोसे उनकी रोजी-रोटी भी चलती है,जो उनके खेतों में काम करते हैं या फिर उनके अन्य काम करते हैं और यह लोग इसलिए लोगों को रखते हैं ताकि उन्हें रोजगार मिले और मंत्री विधायक स्वतंत्र होकर जिनके लिए वह यह जिम्मेदारी लिए हैं वह काम कर सके,पर ऐसा क्या हो पा रहा है? छत्तीसगढ़ में भाजपा हो कांग्रेस हो या फिर कोई अन्य दल हो जैसे ही मंत्री विधायक बनते हैं वह अपने आप को जमीन से जुड़ा बताने का दावा करते हैं पर क्या जमीन के लोगों से उनका वह जुड़ाव होता है जिसके लिए लोगों ने उन्हें चुना है या फिर एक दिन की फोटो डालकर वह अपने आप बताना चाहते हैं जो शुरू से वह रहे हैं,पर क्या मंत्री बनने या मुख्यमंत्री बनने के बाद ऐसे कार्यों के लिए उनके पास समय है या फिर सिर्फ फोटो शूट कर कर ही यह बताया जाता है कि वह किसान है? यह किसी एक मंत्री की बात नहीं है या फिर किसी एक पार्टी की बात नहीं है दोनों राष्ट्रीय पार्टियों के कई मंत्रियों को देखा गया है जिन्होंने सिर्फ सस्ती लोकप्रियता के लिए अपना मूल काम छोड़कर अपने आप को अलग व्यक्ति बताने का प्रयास किया है।

वैसे विधायक मंत्री या मुख्यमंत्री का हर पल फरियादी इंतजार करते हैं उनके लिए अपनी फरियाद लेकर आए लोग घंटों इंतज़ार करते हैं और वह कई बार आधे दिन या पूरे दिन भी इंतजार में बिता देते हैं और जब वह अपनी फरियाद सुना पाते हैं। निराकरण की तरफ उनकी फरियाद पहुंच पाती है तब वह घर जा पाते हैं निश्चिंत हो पाते हैं। ऐसे में शायद ऐसे जिम्मेदार पदों पर बैठे जनप्रतिधियों को जनता के लिए पर्याप्त समय निकालना चाहिए और उनकी फरियाद सुनकर उसके निराकरण का प्रयास करना चाहिए। खेती-किसानी या अन्य पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाना कतई गलत नहीं है बस उसका दिखावा कम होना चाहिए उसकी जगह मुख्य जिम्मेदारी जो जनता ने खुद के नेतृत्व और खुद के समस्या समाधान की उन्हें दी है उसके लिए काम करना महत्वपूर्ण होना चाहिए। वहीं जनप्रतिनिधियों को बने तो ऐसे मामले में ही सोशल मीडिया में ख्याति के लिए लोकप्रियता के लिए सामने आना चाहिए। किसान होना गर्व का विषय है निश्चित है लेकिन आज निर्वाचित जनप्रतिनिधि के लिए उससे बड़ा गर्व एक बड़े समूह मानव समूह का नेतृत्वकर्ता होना है और उस जिम्मेदारी का बेहतर निर्वहन और आम लोगों की समस्याओं का निराकरण ही उनका मूल कर्तव्य होना चाहिए। वैसे राजनीतिक दलों के लिए लोकप्रियता भी बहुत जरूरी है पर इस जरूरी लोकप्रियता के बीच लोकप्रिय होने के और भी रास्ते हैं यदि लोकप्रियता जनता से जुड़ा हुआ है तो जनता से जुड़े हुए काम को करके ही लोकप्रियता बनाई जा सकती है और उस लोकप्रियता को शायद ही कोई खत्म कर पाएगा,वह लोकप्रियता इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाएगा,पर क्या इस सोच के साथ लोकप्रियता वास्तव में होनी चाहिए या फिर सिर्फ दिखावे की लोकप्रियता ही राजनीतिक दलों का उद्देश्य है जो सिर्फ चांद समय में ही सिमट जाते हैं पर वास्तव में अपने कामों से कमाई गई लोकप्रियता इतिहास के पन्नों में दर्ज होती है यह संसार का कटु सत्य है। वैसे किसान होना गर्व की बात है और बड़े-बड़े पदों पर बैठे लोग भी किसान है और खेती किसानी से जुड़े हुए हैं पर उनकी व्यस्तता कहीं ना कहीं उन्हें खेतों से दूर रखती है वह चाह कर भी अब उस कार्य को नहीं कर पाते हैं करवाना ही ज्यादा मुनासिब समझा जाता है, भारत देश के राजनीतिक से लेकर प्रशासनिक शासन में बड़े-बड़े लोग बैठे हुए हैं न्यायपालिका से लेकर कार्यपालिका व निचले स्तर के कर्मचारी भी किसान होते हैं और कई तो ऐसे हैं जिनकी आजीविका का साधन ही खेती किसानी है इसके अलावा उनके पास कोई अन्य कार्य नहीं है जिस वजह से अक्सर वह साल के 12 माह खेतों में ही दिखते हैं पर यह लोग लोकप्रियता की चिंता नहीं करते हैं यह सिर्फ अपना श्रम करते हैं और अपने श्रम का बेहतर फल देखना चाहते हैं और वह फल होता है उनके खेतों में लगे अनाजों की बेहतर उत्पादन। पर वही किसान मानकर बड़े-बड़े पदों पर बैठे लोग इसे लोकप्रियता का साधन भी मान्य बैठे हैं और कभी-कभार खेतों में पहुंचकर उसे देख लेना या फिर उसके लिए थोड़ा सा मेहनत कर देना को ही वह लोकप्रिय समझ बैठते हैं पर ऐसा है नहीं जमीनी हकीकत से पूरा उलट है मामला।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## मोदीजी की लोकप्रियता नहीं है कम



संजय गोस्वामी
मुंबई,महाराष्ट्र



17 सितम्बर 25 के दिन का प्रधान मंत्री मोदीजी का मीडिया में खुब खबर चल रही है कि वो 75 साल के हो जायेंगे और क़ोई और होगा इधर ऐ भी चर्चा में है उपराष्ट्रपति किसी दबाब में इस्तीफा दिए हैं और इसमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी को भी घसीटा जा रहा और बहुत से यू टुबर ने इतना गन्दा राजनीति बयान दे रहें हैं कि उपराष्ट्रपति कँगना रनौत होगी ऐसा गलत संदेश पहुँचाना देश के प्रधानमंत्री का अपमान है नारजगी है तो अगले चुनाव में उनके खिलाफ वोट दे देना लेकिन घटिया यू टुब मत बनाएं इससे पढ़े लिखे लोग में आपके चैनल में गलत संदेश जाता है जो उनकी नहीं आपकी मानसिकता को गलत दृष्टिकोण से देखती है। देखिए ऐ लोकतान्त्रिक देश है इसमें संख्या बल देश को सरकार बनाती है आज ऐ बात सही है बीजेपी के पास बहुमत नहीं है लेकिन थोड़ा ही कम है मात्र 30 सांसद जो एनडीए के 292 सीट के साथ बहुमत में हैं 75 साल उम्र पर बहस करना प्रधानमंत्री जैसे पद के लिए ठीक नहीं है क्योंकि 2024 का चुनाव मोदीजी के नेतृत्व में लड़ा गया और एनडीए की सरकार बनी जहाँ तक किसी को लाने या ना लाने का प्रश्न है उसमें जब आप जीतते हैं तो सब आपके पीछे लग जाते हैं और जब हारते हैं तो भाग कर इधर उधर चले जाते हैं मोदीजी भले ही 17 सितम्बर 25 को 75 साल के हो जाए लेकिन प्रधानमंत्री लोकतान्त्रिक व्यवस्था है अतः जब 2024 में सब कुछ स्पष्ट हो गया तो उम्र का सवाल ही पैदा नहीं होता ट्रम्प जो 79 साल के हैं वो अमेरिका के राष्ट्रपति है अतः किसी नेता के नाम की चर्चा करना की योगीजी होंगे, केंद्रीय मंत्री गडकरी जी होंगे या राजनाथ सिंह होंगे ऐ सब एक भर्मित करना और देश हित में नहीं है आज किसी से पूछ लीजियेगा मोदीजी की लोकप्रियता सभी नेता से ज्यादा है और क़ोई एन डी ए में अपना भी भविष्य देखेगा तो मोदीजी पर पूर्ण भरोसा होगा ऐसा इसलिए है कि उनके पास ना तो बहुत बड़ी संपत्ति है और ना ही परिवार लेकिन सभी लोग चाहते हैं प्रधानमंत्री के लिए 6 राज्य यूपी, महाराष्ट्र,मप्र, गुजरात और बिहार बहुत महत्वपूर्ण हैं और ऐसे कर्नाटक भी है लेकिन जब देश की बात आती है तो उप्र और बिहार को पहले देखा जाता है जहाँ बीजेपी का गढ़ है और वहाँ मोदीजी को लोग इसलिए पसंद करते हैं कि क्योंकि वहाँ महिलाओ, बुजुर्गो और युवाओ का बड़ा तपका उनके पक्ष में नजर आता है। 2014 चुनाव से पहले ऐसा लग रहा था कि बीजेपी अब कभी सत्ता में नहीं आएगी लेकिन मोदीजी को जनता ने पसन्द किया और जीत मिली जितने पर जो उनके खिलाफ भी थे सब ने भरे मन से नहीं लेकिन किसी पद की लालच में वाहवाही लूटने की कोशिश की और कहीं राज्यपाल कहीं मंत्री के रूप में जमे रहें और सभी जो पहले सत्ता का स्वाद चख चुके थे नहीं मिलने पर नाखुश हुए जो ठीक नहीं है। अतः जो होगा वो भी प्रभु राम की मर्जी से होगा लेकिन प्रधानमंत्री को एनडीए का पूर्ण समर्थन प्राप्त है और जो दूसरे की थाली में खाकर उसका छेद करता है जो ऐ गद्दारी है ऐसा करना सही नहीं है और खुद ही धोखा खाता है । मैंने सभी से राय भी ली अधिकतर लोगों ने मोदीजी पर भरोसा जताया है क्योंकि उनका कार्यकाल लोगों से बात करने का संबाद अच्छा रहा है। अतः आजकल खुद को बदलना जरुरी है इसलिए भगवान श्री राम का ध्यान करें सुबह से ही लगभग सभी व्हाट्सऐप्प पर किसी के घर में क्या हो रहा है उसकी निंदा,गलती और अपने को अच्छा बनाने की होड़ में लगे रहते है जिससे नफरत और घृणा पैदा होती है। अतः सबकुछ भगवान राम देख रहें हैं समय का इंतज़ार करें और भगवान राम समय से चलते हैं और संसार में कुछ भी गलत नहीं होने देंगे। आज थाईलैंड और कॉम्बोडिया में युद्ध चल रहा है जहाँ भगवान श्री राम की एक अयोध्या भी है। अतः सारे संसार पर उनकी नजर हैं । आपने भगवान श्री राम को जानने में कितना समय दिया और भगवान श्री राम ने आपको कितना दिया एक बार अवश्य मूल्यांकन करें । बहुत कुछ दिया है अतः आप इधर उधर की बातों में विश्वास ना करें जो होगा वो भारत के विकास के लिए होगा। अब तो एनडीए ने 1 साल से ज्यादा का कार्यकाल पूर्ण कर लिया है।

**नाग पंचमी 29 जुलाई पर विशेष**

# पौराणिक काल से ही होती रही है नागों की पूजा



योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़,नई दिल्ली

### सांपों के प्रति समर्पण की सांस्कृतिक परंपरा है नाग पंचमी

श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी को प्रतिवर्ष देशभर में नाग पंचमी का त्योहार मनाया जाता है, जो इस वर्ष 29 जुलाई को मनाया जा रहा है। हालांकि कुछ राज्यों में चैत्र तथा भाद्रपद शुक्ल पंचमी के दिन भी 'नाग पंचमी' मनाई जाती है। ज्योतिष के अनुसार पंचमी तिथि के स्वामी नाग हैं, इसीलिए मान्यता है कि नाग पंचमी के दिन भगवान शिव के आभूषण नाग देवता की पूजा पूरे विधि-विधान से करने से घर में सुख,शांति और समृद्धि के अलावा आध्यात्मिक शक्ति,अपार धन और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है और सर्पदंश के भय से भी मुक्ति मिलती है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार नाग पंचमी इस बार हस्त नक्षत्र के शुभ संयोग में मनाई जाएगी। नाग पंचमी के दिन कुछ स्थानों पर 'कुश' नामक घास से नाग की आकृति बनाकर दूध, घी, दही इत्यादि से इनकी पूजा की जाती है जबकि कुछ अन्य स्थानों पर नागों के चित्र या मूर्ति को लकड़ी के एक पाट पर स्थापित कर मूर्ति पर हल्दी, कुमकुम, चावल, फूल चढ़ाकर पूजन किया जाता है और पूजन के पश्चात् कच्चा दूध,घी,चीनी मिलाकर नाग मूर्ति को अर्पित की जाती है। मान्यता है कि ऐसा करने से नागराज वासुकि प्रसन्न होते हैं और पूजा करने वाले परिवार पर नाग देवता की कृपा होती है।

कुछ धर्म ग्रंथों में नागों को पूर्वजों की आत्मा के रूप में भी माना गया है। हिन्दू धर्म की मान्यताओं के अनुसार नागों को पौराणिक काल से ही देवता के रूप में पूजा जाता रहा है और नाग पंचमी के दिन नाग पूजन करने का तो काफी ज्यादा महत्व माना गया है। भारत में कई स्थानों पर नाग देवता के कई प्राचीन मंदिर हैं और नागालैंड,नागपुर, अनंतनाग,शेषनाग,नागवनी,



नागारखंड,भागसूनाग इत्यादि देश में कई स्थानों का तो नाम ही नागों के नाम पर ही रखा गया है। नागालैंड को तो नागवंशियों का मुख्य स्थान माना गया है और कुछ ग्रंथों में कश्मीर को भी नागभूमि कहा गया है। भारत में दक्षिण भारत के पर्वतीय इलाकों के अलावा उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश,अरूणाचल प्रदेश, असम इत्यादि में नाग पूजा प्रमुखता से होती है। जिस प्रकार हमारे कुल देवताओं में देवी-देवता शामिल होते हैं,ठीक उसी प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में नागों को भी 'स्थान देवता' माना जाता है। कई जगहों पर तो नागों को कुल देवता, ग्राम देवता और क्षेत्रपाल भी कहा जाता है। हमारे धर्म शास्त्रों के अनुसार कुल 33 कोटि देवी-देवता हैं, जिनमें नाग भी शामिल हैं।

नागों की उत्पत्ति और उनके पाताललोक वासी होने को लेकर महाभारतकालीन एक कथा प्रचलित है। वराहपुराण के अनुसार,महर्षि कश्यप की तेरह पत्नियां थी,जिनमें से एक थी राजा दक्ष की पुत्री कद्रू, जिसने महर्षि कश्यप की बहुत सेवा की, जिससे प्रसन्न होकर महर्षि ने कद्रू को वरदाने मांगने के लिए कहा। कद्रू ने उनसे एक हजार तेजस्वी नाग पुत्रों का वरदान मांगा। महर्षि कश्यप के वरदानस्वरूप कद्रू से ही नाग वंश की उत्पत्ति हुई लेकिन जब इन नागों ने धरती पर लोगों को डसना शुरू किया तो नागों से रक्षा के लिए सभी ने ब्रह्माजी से प्रार्थना की। तब ब्रह्माजी ने सभी नागों को श्राप देते हुए कहा कि जिस तरीके से तुम लोगों पर अत्याचार कर रहे हो, अगले जन्म में तुम सभी का नाश हो जाएगा। यह श्राप सुनकर नाग भयभीत हो गए और उन्होंने कातर स्वर में ब्रह्माजी से प्रार्थना की कि जिस प्रकार मनुष्यों के रहने के लिए उन्हें पृथ्वी दी गई है, उसी प्रकार उन्हें भी इस ब्रह्माण्ड में कोई अलग स्थान दिया जाए, जिससे इस समस्या का भी समाधान हो जाएगा। तब ब्रह्माजी ने उन्हें रहने के लिए पाताल देते हुए कहा कि अब से तुम सभी भूमि के अंदर पाताललोक में ही रहोगे। उसके बाद सभी नाग पाताललोक में निवास करने लगे। माना जाता है कि ब्रह्माजी ने मनुष्यों की नागों से रक्षा के लिए जिस दिन उनके पाताल में रहने की व्यवस्था की, उस दिन सावन महीने की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि थी और तभी से इसी तिथि पर नागों की पूजा के लिए 'नाग पंचमी' त्योहार मनाया जाने लगा। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार नाग भगवान शिव के गले का हार तो हैं ही,भगवान विष्णु भी समुद्र में शेषनाग की शैया पर विश्राम करते हैं और यह भी मान्यता है कि हमारी धरती इन्हीं शेषनाग के फन पर टिकी है। त्रेता युग में शेषनाग ने भगवान श्रीराम के छोटे भाई लक्ष्मण के रूप में धरती पर जन्म लिया था और द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम भी शेषनाग के अवतार माने गए हैं। वैसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से नागों को कृषक मित्र जीव माना गया है। दरअसल ये खेतों में फसलों के लिए खतरनाक जीवों, चूहों इत्यादि का भक्षण कर फसलों के लिए मित्र साबित होते हैं लेकिन वर्तमान समय में नागों या सांपों की खाल, जहर इत्यादि चीजों से बड़े व्यापारिक लाभ के लिए बड़ी संख्या में इन्हें मारा और बेचा जाता है। इसी कारण वन्य और जीव-जंतु विभाग तथा सरकारों द्वारा नागों को संरक्षित करने के लिए सांपों को पकड़ने और उन्हें दूध पिलाने पर रोक लगाई जाती है।

# नाग देव के प्रति आस्था के पर्व नाग पंचमी



अशोक पटेल आशु
तुस्मा,शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

हमर हिंदू धर्म म परब,पूजा-पाठ-अनुष्ठान के अपन-अलग महत्व हावय। दिन विशेष तिथि के हिसाब से हमर हिंदू धर्म के लोगन मन जम्मो परब के विधि-विधान के साथ पूजा-पाठ यज्ञ हवन तर्पण करथें। अउ अपन धार्मिक अनुष्ठान ल पूर्ण करथें। एकर मुख्य कारण यही हावे की प्राणी मात्र के कल्याण करना,अउ पुण्य के भागीदार होना। इही कड़ी म आथे नाग पंचमी के परब। जेमा नाग देव मन के पूजा अर्चना करे जाथे। गाँव ,नगर,शहर,सबो जगह ए परब ल श्रद्धा के साथ मनाथें। बिहनिया ले ही नाग मन के पूजा अर्चना करके उनला कच्चा गोरस अर्पित करे जाथे।नाग देव मन ल गोरस से नहलाए जाथे।नाग पंचमी के परब श्रावण मास के



शुक्ल पंचमी तिथि के दिन मनाय जाथे। अईसे मान्यता हावय की ए दिन नाग देव मन के पूजा करे जाथे। अउ इनकर पूजा करे से नाग देव मन के आशीर्वाद प्राप्त होथे। यह भी मान्यता हे की इनकर पूजा करे से एकर से होने वाला भय अउ अनिष्ट हर सब दूर हो जाथे।

### पौराणिक कथा के अनुसार

अर्जुन के पौत्र राजा परीक्षित के पुत्र होईस जनमेजय। एला ए ज्ञात होईस की इनकर पिता परीक्षित के मृत्यु के कारण सर्पदंश रहिस त ओहर विचलित होगे। अउ मन ही मन ए ठान लिस की ओहर एकर बदला लेके रही। अउ ए संकल्प भी लिस की ओहर सर्पसत्र के यज्ञ करके सर्प मन ल खत्म कर दिही। एती महा तपस्वी ऋषि मुनि आस्तिक ल ज्ञात होईस की जनमेजय सर्पसत्र के यज्ञ करत हावय। त ऋषि आस्तिक जी हर ओ यज्ञ ल श्रावण मास के शुक्ल पंचमी तिथि के दिन रोक दिस। अउ ए कारण से तक्षक नाग के वंश हर नष्ट होय ले बच जाथे। अउ राजा जनमेजय के यज्ञ ले निकलने वाला ताप ले बचे खातिर ऋषि हर ओ नाग मन के उपर कच्चा गोरस डार देथे।तब ले लेकर आज तक नाग पंचमी के दिन नाग मन ल गोरस अर्पित करे जाथे। जेहर प्राचीन काल से एक परंपरा के रूप म आज भी सतत चले आथे।

ए प्रकार से यह कहे जा सकत ही की हमर हिंदू धर्म म पूजा-पाठ, कर्म-काण्ड-अनुष्ठान के एक धार्मिक कारण अवश्य रहिथे। जेकर एक मात्र उद्देश्य यह होथे कि ए जगत के जम्मों जीव मन के मात्र उद्धार अउ कल्याण करना।

## कविता

### कविता वो बरस रहे हैं...

घटती-घटना



चंद्रकांत खूंटे (क्रांति)
जांजगीर चांपा
छत्तीसगढ़

प्रातः काल से टेलीविजन में
दिखाया जा रहा था
एक ही समाचार को बार-बार
प्रभात से रात्रि तक लगातार
बनावटी लहजा में बोल रहे थे
श्रेष्ठ जनों से कर तौल रहे थे
वो बार-बार
एक ही वाणी कहते
वो बरस रहे हैं,बरस रहे हैं
निशि वासर बरस रहे हैं
कभी छत्तीसगढ़,
मध्यप्रदेश,कभी बिहार
कभी झारखंड,
उत्तरप्रदेश पर अपरंपार
दुश्मनों पर एक-एक कर
खामियों को गिना
रहे झर-झर झर-झर
वो बरसने के
महत्व को बता रहे थे
जैसे खेतों के लिए
बूँद-बूँद गिना रहे थे
अति अनमोल होते हैं
उनका बरसना
संग में हरियाली का संवरना
किंतु वो बताते नही
बारिश होगा तो
दामिनी भी दमकेगी
अवसर पाने पर
आग भी उगलेगी
लोक बाग भी झुलसेगी ।।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक





# 28 जुलाई जिस दिन कलम को कुचलने का हुआ था बड़ा प्रयास

## लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर था यह सीधा प्रहार...वह भी कुठाराघात के विरुद्ध कलम बंद अभियान के दौरान हुआ था प्रयास...

## लोकतंत्र पर हुए षड्यंत्रकारी हमले के 1 साल पूरे हुए...70 दिन तक चला था दैनिक घटती-घटना का कलम बंद अभियान

### कलम बंद अभियान को खत्म करने स्वास्थ्य मंत्री ने की थी पहल

-न्यूज डेस्क-

सरगुजा/कोरिया,28 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग से प्रकाशित होने वाला दैनिक घटती-घटना अखबार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत करने के उद्देश्य से खबरों का प्रकाशन करता है,जिसमें सच्चाई को प्राथमिकता दी जाती है कई ऐसे उदाहरण है जिसमें प्रकाशित खबर द्वारा सच्चाई पर मोहर लगाई गई है,सच्ची खबर प्रकाशित करने की वजह से अखबार हमेशा ही बड़े-बड़े लोगों के निशाने पर रहता है,कहा जाए तो दुश्मन बना रहता है फिर भी लोकतंत्र का प्रहरी होने का पूरा कर्तव्य निभाता है,जिस वजह से कई बार संस्था को सच्ची खबर प्रकाशित करने का कठिन मूल्य भी चुकाना पड़ा है,खबर का प्रकाशन सच्चाई से जुड़ा होता है पर सच्चाई से अखबार की दुश्मनी भी जुड़ जाती है फिर भी उसकी चिंता किए बिना अखबार अपना काम निरंतर जारी रखता है,पिछले साल सच्चाई दिखाने व लिखने का बहुत बड़ी कीमत भी संस्था को चुकानी पड़ी थी,खबर प्रकाशन से क्षुब्द हुए लोग संगठित होकर सत्ता,शासन व प्रशासन को एक करके सच्चाई पर बुलडोजर चलाने का प्रयास किए थे,जिसमें दैनिक घटती-घटना संस्था को काफी नुकसान उठाना पड़ा था,यह कार्यवाही भी उस समय हुई थी जिस समय शोक का माहौल था,यह कार्यवाही दैनिक घटती-घटना के कलम बंद अभियान को बंद करने के लिए हुई थी,दैनिक घटती-घटना ने कलम बंद अभियान भी सिर्फ इसलिए शुरू किया गया था ताकि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को सही तरीके से काम करने दिया जाए और उन्हें सच लिखने की आजादी दी जाए,सच को दबाने का प्रयास न किया जाए, अखबार ने कमियों को दिखाने का प्रयास किया था पर जिनकी कमियां उजागर हो रही थी,उन्होंने पूरे सत्ता शासन व प्रशासन को अखबार के खिलाफ करके जो षड्यंत्र रचा था उसमें वह कामयाब भी हुए थे,पर कामयाबी के बीच कहीं ना कहीं लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को कुचलने का यह प्रयास मात्र था,जो षड्यंत्र सब समझ चुके थे यह षड्यंत्र नहीं यह सच्ची खबरों से क्षुब्द हुए दुश्मन थे जो लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को कुचलना चाह रहे थे।



### खबर प्रकाशन की वजह से बड़े-बड़े लोगों ने अखबार को दुश्मन समझा...पर अखबार ने खबर का प्रकाशन दुश्मन बनने के लिए नहीं अपने कर्तव्यों के निर्वहन व जिम्मेदारियों के लिए किया...

खबर प्रकाशन को लेकर बड़े-बड़े लोगों से दुश्मनी अखबार ने ली थी, अखबार ने खबर का प्रकाशन दुश्मन बनने के लिए नहीं अपने कर्तव्यों के निर्वहन हिसाब से किया था,अब इस कर्तव्य निर्वहन ने भले ही दुश्मनी का रूप ले लिया हो इसके बाद भी अखबार ने झुकने का प्रयास नहीं किया,अखबार से खबरें छपने बंद हो जाए इसके लिए केंद्रीय अनुदान की राशि यानी कि विज्ञापन पर रोक लगाई, इसके बाद अखबार ने 1 जुलाई 2024 से कलम बंद अभियान शुरू किया और मौजूदा सरकार से सिर्फ एक छोटा सा सवाल किया कि आखिर क्या प्रकाशित करें ताकि सच को प्रकाशित करने से रोक ना जाए? खबर प्रकाशन की स्वतंत्रता बनी रहे पर यह भी लोगों को अच्छा नहीं लगा,इस कलम बंद अभियान को बंद करने के लिए 28 जुलाई 2024 को संस्थान यानी की अखबार के कार्यालय पर ही बुलडोजर चला दिया गया,शायद यह कार्य इसलिए किया गया ताकि अब सच्चाई छापने की कोई भी हिम्मत ना कर सके, पूरे प्रदेश में सच्चाई लिखने की हिम्मत कोई ना करें नहीं तो यही हश्र होगा?




### दैनिक घटती-घटना परिवार आज भी अपनी जिम्मेदारी बेबाकी से निभा रहा है...

प्रदेश के एक जिम्मेदार समाचार-पत्र होने का जनसरोकार से नाता बनाए रखने का वादा लेकर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ स्वरूप अपनी जिम्मेदारी निभाने निकला दैनिक घटती-घटना परिवार आज भी अपनी जिम्मेदारी बेबाकी से निभा रहा है और वह निडर होकर जनसरोकार के उन मुद्दों को उन मामलों को उजागर कर रहा है जो कहीं न कहीं ऐसे विषय हैं जिनका जुड़ाव जनता सरकार और शासन से सीधा है और जिसमें एक पक्ष कहीं न कहीं मनमानी कर रहा है या गलतियां उसकी सुधर नहीं रही हैं। दैनिक घटती-घटना आज पाठकों के लिए एक ऐसा विश्वास बन चुका है प्रिंट मीडिया क्षेत्र में कि लोग जानते हैं कि खबरों से समझौता न करने का संकल्प ही इसका अस्तित्व है जिसे दैनिक घटती-घटना परिवार खुद मिटकर भी भूलने वाला नहीं। आज के चकाचौंध वाले जमाने में केवल कर्तव्य संकल्प लेकर आम लोगों की समस्याओं कठिनाइयों साथ ही उनकी शिकायतों को उजागर करना दैनिक घटती-घटना अपना मूल कर्तव्य मानता है,आज यह परिवार हर उस व्यक्ति के साथ खड़ा है जो अन्याय के विरुद्ध अकेला है,शासन-प्रशासन की मजबूरियां रही होंगी बुलडोजर कार्यवाही की....लेकिन दैनिक घटती-घटना परिवार ने इस मामले में भी संयम से काम लिया और सभी तरह के विकल्प को खुला रखकर लोकतंत्र की सलामती के लिए प्रयासरत रहा,जब मामला कलम बंद अभियान के पटाक्षेप का आया दैनिक घटती-घटना परिवार ने तब भी यह साबित किया कि बातचीत और मुलाकात से जन्म लेने वाले किसी भी ऐसे मामले में वह स्वीकृति देता है जहां लोकतंत्र और उसके ही चौथे स्तंभ में टकराव न हो।

### कलम बंद अभियान को बंद करने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने पहल की सार्थक बातचीत के बीच अभियान 11 अगस्त 2024 को 70 दिन बाद स्थगित हुआ

इस घटना के बाद सच्ची खबरों के प्रकाशन से प्रभावित हुए लोगों के लिए यह दिन काफी अच्छा दिन था, यह उनके दिल दिमाग को सुकून देने वाला दिन था पर पाठकों के लिए यह दिन काफी खराब था,सरकार के लिए लोगो की सोच बदल गई थी, इस घटना की निंदा भी खूब हुई थी भले ही इस योजना में कुछ लोग सफल थे और उनके लिए सुकून वाली खबर थी पर वही पूरे प्रदेश में इस खबर और इस घटना की आलोचना भी हो रही थी,इसके बाद भी अखबार ने कलम बंद अभियान को बंद नहीं किया और यह अभियान चलता रहा सफेद पन्ने विरोध में काले होते रहे,कलमबंद अभियान को बंद करने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने पहल की सार्थक बातचीत के बीच यह कलम बंद अभियान 11 अगस्त 2024 को 70 दिन बाद बंद हुआ, स्वास्थ्य मंत्री ने बातचीत में सारी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया और 1 साल में उन्होंने खबर प्रकाशन के मुद्दे के सभी मांगों पर कार्यवाही भी कर दिखाया,उन्होंने अपने दिए गए आश्वासन को समय के साथ पूरा किया,पर 28 जुलाई 2024 छत्तीसगढ़ के इतिहास के पन्नों में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को कुचलने के लिए हमेशा याद रखा जाएगा यह छत्तीसगढ़ के इतिहास के पन्ने में दर्ज हो गया,किसी अखबार ने 70 दिन तक ऐसा अभियान चलाया यह भी छत्तीसगढ़ के लिए एक इतिहास हो गया है।



# मोबाइल का अधिक उपयोग,आंखों में मेकअप,ड्राई आई का प्रमुख कारण

-संवाददाता-

अंबिकापुर,28 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। राजमाता देवेंद्र कुमारी सिहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय,अंबिकापुर के नेत्र रोग विभाग द्वारा 25 को राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत ड्राई आई (सूखी आंख) विषय पर सीएमई का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम होटल माखन विहार में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य कार्नियल जनित अंधत्व को रोकने हेतु चिकित्सकों और विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रजत टोप्पो,डॉ. संतोष एक्का,डॉ. अभिजीत जैन और डॉ. प्रियंका गुप्ता शामिल हुए। डॉ. रजत टोप्पो ने बताया कि ड्राई आई एक ऐसी स्थिति है जिसमें आंखों की आंसू परत प्रभावित होती है। इसका कारण या तो पर्याप्त मात्रा में आंसू न बनना है या फिर आंसुओं का जल्दी सूख जाना। इसके लक्षणों में आंखों में जलन,खुजली,किरकिरापन आदि शामिल हैं। उपचार हेतु आंखों को साफ पानी से धोना,एक्सरसाइज और उपयुक्त आई ड्रॉप का उपयोग जरूरी है। उन्होंने आगे बताया कि मोबाइल का अधिक उपयोग,आंखों में मेकअप प्रोडक्ट्स जैसे काजल,मस्कारा और स्टेरॉइड दवाओं का बिना परामर्श उपयोग ड्राई आई के प्रमुख कारण हैं। डॉ. प्रियंका गुप्ता ने कहा कि कुछ मामलों में सूखी आंखों के लक्षण स्पष्ट नहीं होते,लेकिन ब्लेफेराइटिस, स्जोग्रेन सिंड्रोम,थायरॉइड विकार, बदलती जीवनशैली, बच्चों का स्क्रीन टाइम,कॉन्टैक्ट लेंस का उपयोग, धूम्रपान और एलर्जी इसके जोखिम बढ़ाते हैं। विभाग प्रमुख डॉ. संतोष एक्का ने कहा कि इस प्रकार की सीएमई का आयोजन पीजी विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है,ताकि वे भविष्य में अपने कार्यस्थल पर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं दे सकें। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अभिजीत जैन ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और आयोजन को सफल बताया।



# संसाधन नहीं तो काम नहीं के सिद्धांत पर तहसीलदार 17 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर

-संवाददाता-

अंबिकापुर,28 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। सरगुजा सहित पूरे प्रदेशभर में तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर तीन दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी है। यह आंदोलन कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले किया जा रहा है। हड़ताल का प्रमुख नारा है-संसाधन नहीं तो काम नहीं। अंबिकापुर तहसीलदार उमेश्वर सिंह बाज का कहना है कि जब तक कार्यालयों में आवश्यक संसाधन,पर्याप्त मानव बल, सुरक्षा और तकनीकी सुविधाएं नहीं मिलतीं, तब तक काम करना संभव नहीं है। संघ द्वारा लंबे समय से शासन और विभाग से इन समस्याओं के समाधान की मांग की जाती रही है। इनमें तहसीलों में पदों के अनुसार कर्मचारियों की नियुक्ति,तहसील न्यायालयों में सुरक्षा व्यवस्था, शासकीय वाहन की सुविधा, कंप्यूटर और तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता जैसी मांगें शामिल हैं। लेकिन शासन द्वारा इन मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है। इस विरोध के तहत 28 जुलाई को जिला स्तर पर सामूहिक अवकाश, 29 जुलाई को संभाग स्तर पर अवकाश,और 30 जुलाई को प्रदेश स्तर पर सामूहिक अवकाश लेकर राजधानी में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यदि इसके बावजूद सरकार ने कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया तो तहसीलदारों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।



हड़ताल के पहले दिन जिलेभर के तहसील कार्यालयों में कामकाज पूरी तरह प्रभावित रहा। नागरिक विभिन्न कार्यों के लिए कार्यालयों में पहुंचे लेकिन सभी को निराशा हाथ लगी।

दस्तावेज़ सत्यापन,जाति प्रमाण-पत्र,नामांतरण जैसे कार्य रुक गए। अंबिकापुर तहसीलदार ने कहा कि हम प्रशासन की रीढ़ हैं, लेकिन हमें ही सुविधाओं से वंचित रखा गया है। जब तक मांगे नहीं मानी जाएंगी,आंदोलन जारी रहेगा। अभी तक शासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है,लेकिन लगातार बढ़ते विरोध को देखते हुए प्रशासनिक हलकों में हलचल शुरू हो गई है।

यदि यह हड़ताल लंबी खिंचती है तो पूरे प्रदेश की राजस्व व्यवस्था पर इसका व्यापक असर पड़ सकता है। आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अब सभी की नजर सरकार की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

CMYK

# गाजा में राहत की घोषणा के एक दिन बाद ही इस्राइल ने की बमों की बारिश,34 की मौत,कई घायल



**गाजा,28 जुलाई 2025।** इस्राइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के चलते गाजा में दिन-प्रतिदिन संकट और गहराता जा रहा है। उधर, इस्राइल के हमले कम होने के नाम नहीं ले रहे है। ताजा घटनाक्रम की बात करें तो इस्राइल ने सोमवार को गाजा में जोरदार हमला किया। इस हमले में कम से कम 34 फलस्तीनी मारे गए,जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। यह हमला उस समय हुआ जब इस्राइल ने एक दिन पहले ही कुछ इलाकों में हर दिन 10 घंटे के लिए सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा की थी ताकि मानवीय मदद बेहतर ढंग से पहुंच सके।

### इस्राइल बोला- सैन्य कार्रवाई जारी रहेगी

इस्राइली सेना ने बताया था कि गाजा सिटी, दीर अल-बलाह और मुवासी इलाके में हर दिन सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक सैन्य कार्रवाई रोकी जाएगी। इसका मकसद था भूख से जूझ रहे लोगों तक सुरक्षित रास्तों से राहत सामग्री पहुंचाना। हालांकि इस्राइल ने ये भी साफ कर दिया कि वह सैन्य अभियान पूरी तरह नहीं रोकेगा। सोमवार को जो हमले हुए, वे उसी 10 घंटे की राहत अवधि से बाहर किए गए। इस पर अभी तक इस्राइली सेना की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### कई जगहों पर मौतें,इलाके भर में पसरा मातम

गाजा की स्थिति दिन-प्रतिदिन और भयावह होती जा रही है। वहीं मामले में केंद्रीय गाजा औदा अस्पताल ने कहा कि उन्हें सात लोगों के शव मिले,जो एक अमेरिकी-इस्राइली मदद केंद्र के पास इस्राइली गोलीबारी में मारे गए। 20 लोग घायल भी हुए हैं। मुवासी इलाके में एक घर पर हमले में गर्भवती महिला सहित 12 लोग मारे गए। डॉक्टरों ने जटिल ऑपरेशन के बाद महिला के गर्भस्थ शिशु को बचा लिया। वहीं खान यूनिस शहर के जापानी मोहल्ले में दो-मंजिला मकान पर हुए हमले में 11 लोग मारे गए, जिनमें से अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे।

### भूख से हालात और बिगड़े

गाजा में भूख और कुपोषण की स्थिति दिन-ब-दिन खराब हो रही है। मामले में राहत एजेंसियों ने कहा है कि इस्राइल की नई मदद नीति सही दिशा में कदम जरूर है, लेकिन अब भी यह पर्याप्त नहीं है। दुनिया भर में भूखे और कुपोषित बच्चों की तस्वीरों पर भारी नाराज़गी देखी जा रही है। गौरतलब है कि सात अक्तूबर 2023 को हमास ने इस्राइल पर हमला कर 1,200 लोगों की हत्या की थी और 251 लोगों को बंधक बना लिया था। जवाब में इस्राइल ने भारी सैन्य कार्रवाई शुरू की,जिसमें अब तक 59,800 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। फलस्वरूप गाजा में भुखमरी का संकट और गहराता जा रहा है। इस्राइल का कहना है कि हमास अब भी 50 बंधकों को पकड़े हुए है, जिनमें से आधे से ज्यादा मारे जा चुके हैं।

## चीन में महिलाओं से संबंध रखने पर महंत बर्खास्त

### शाओलिन मंदिर के प्रमुख पर कई बच्चे पैदा करने का आरोप,बौद्ध संघ ने मान्यता रद्द की



**चीन,28 जुलाई 2025।** चीन के मशहूर शाओलिन मंदिर के प्रमुख महंत शी योंगक्सिन को बर्खास्त कर दिया गया है। उन पर मंदिर की संपत्ति और फंड के गबन,कई महिलाओं से अवैध संबंध रखने और नाजायज बच्चों के पिता होने जैसे संगीन आरोप लगे हैं। चाइना डेली की रिपोर्ट के मुताबिक कई सरकारी एजेंसियां मिलकर इन आरोपों की जांच कर रही हैं। इस बीच चीन के बौद्ध संघ ने सोमवार को उनका दीक्षा प्रमाणपत्र छीन लिया है। संघ ने अपने बयान में कहा कि शी योंगक्सिन के कामों ने बौद्ध समुदाय की प्रतिष्ठा और भिक्षुओं की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। महंत की गतिविधियां बौद्ध धर्म के सिद्धांतों का खुला उल्लंघन मानी जा रही हैं। मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने कहा है कि जो भी जानकारी सामने आएगी,उसे समय-समय पर जनता के साथ साझा किया जाएगा। शाओलिन मंदिर सेंट्रल चाइना के हेनान प्रांत की पहाड़ियों में स्थित है। 1500 साल पुराना यह मंदिर सिर्फ धार्मिक कारणों से ही नहीं बल्कि अपनी मार्शल आर्ट परंपरा खासकर कुंग फू के लिए दुनियाभर में मशहूर है। हर साल देश-विदेश से लाखों लोग इस बौध धर्म के इस मंदिर को देखने आते हैं।योंगक्सिन ने शाओलिन को दुनियाभर में मशहूर बनाया।

## इमरान खान ने आसिम मुनीर पर लगाए सेना के अपमान का आरोप कहा-सत्ता के लिए राष्ट्र की बलि दे रहे...

**इस्लामाबाद,28 जुलाई 2025।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर पर निशाना साधते हुए कहा है कि जनरल सत्ता पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए सेना का अपमान कर रहे हैं और राष्ट्रीय हितों की बलि दे रहे हैं। इमरान खान ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, देश मुनीर के कानून के तहत चल रहा है और आईएसआई उसे संरक्षण दे रही है। वह सत्ता पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए हर राष्ट्रीय हित की बलि देने को तैयार हैं। यह सेना प्रमुख सेना का अपमान वैसे ही कर रहे हैं जैसे याह्या खान ने कभी किया था। बता दें कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल याह्या खान के शासन में पूर्वी पाकिस्तान में गृहयुद्ध हुआ था। जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश का उदय हुआ था। इमरान खान की यह बयान अगले महीने शुरू होने वाले कठपुतली सरकार के खिलाफ उनकी पार्टी के अभियान से पहले आई है। इमरान खान ने कहा कि इस समय सीनेट, नेशनल असेंबली,प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति सभी असंवैधानिक हैं। एक दिखावटी संवैधानिक अदालत बनाई गई। जिससे संसद में हमारी सीटें कम हो गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की सीटें प्रतिद्वंद्वियों को सौंप दी गईं और अदालतें अब मुनीर के लोगों से भरी हुई हैं।

## होम्योपैथिक चिकित्सा द्वारा असाध्य रोगों का सफल उपचार

» दो दिवसीय राष्ट्रीय होम्योपैथी संगोष्ठी-2025 संपन्न

» अंबिकापुर में 119 से अधिक चिकित्सकों ने लिया सहभाग

-संवाददाता-
अंबिकापुर,28 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।



सरगुजा होम्योपैथी डॉक्टर्स एसोसिएशन एवं एचएचएफ होम्योपैथिक फोरम के संयुक्त तत्वावधान में होटल माखन विहार,अंबिकापुर में 26 एवं 27 जुलाई को दो दिवसीय राष्ट्रीय होम्योपैथिक संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय था एक नई ऊर्जा,एक नई उड़ान। इस आयोजन में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र सहित देशभर से 119 से अधिक होम्योपैथिक चिकित्सकों ने भाग लिया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य था...होम्योपैथिक चिकित्सा द्वारा असाध्य रोगों के सफल उपचार पर प्रकाश डालना।

मुंबई से आमंत्रित तीन वरिष्ठ विशेषज्ञों ने विशेष व्याख्यान दिए। डॉ. मयुरेश महाजन ने रोग की गहराई से पहचान और चिकित्सकीय दृष्टिकोण पर अपने विचार रखे। डॉ. सुनील बी. घोडके ने रोगी के संपूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक पक्ष को समझने पर बल दिया। डॉ. योगेश राजुरकर ने गंभीर एवं असाध्य रोगों में होम्योपैथी की भूमिका और भविष्य की दिशा पर चर्चा की।विशेष बात यह रही कि वक्ताओं ने उन रोगियों के उपचार से पूर्व और पश्चात की वीडियो प्रस्तुति भी दी, जिन्हें एलोपैथिक चिकित्सा में असाध्य घोषित किया गया था,और होम्योपैथी द्वारा सफलतापूर्वक उपचारित किया गया। आयोजन समिति में सम्मिलित प्रमुख पदाधिकारी थे डॉ. सुशील मिश्रा (संस्थापक), डॉ. दीपक नीलकंठ (वित्त प्रभारी), डॉ. धीरज पाण्डेय (अध्यक्ष), डॉ. महेश गौतम (सचिव), डॉ. आनंद सोनी (संरक्षक), डॉ. तदित चंद्रा, डॉ. अनीता, डॉ. नेहा, डॉ. पंकज, डॉ. जगन्नाथ,डॉ. यादव सहित अन्य सक्रिय सदस्य। सभी ने समर्पण और अनुशासन के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई। अंत में आयोजकों ने सभी वक्ताओं, प्रतिभागियों, प्रायोजकों और सहयोगियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

## होली क्रॉस वीमेन्स कॉलेज में हुआ छह दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम संपन्न




-संवाददाता-
अंबिकापुर 28 जुलाई 2025(घटती-घटना)।

होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज दिनांक 22/7/2025 से दिनांक 28/7/2025 तक नव प्रवेशी छात्राओं की प्रतिभा को पहचान कर,उन्हें उस क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान कर उन्हें मंच प्रदान करने हेतु नृत्य,भाषण और कविता पाठ जैसी अनेक विद्याओं में उन्हें प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर प्रदान किया गया।

यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सिस्टर शांता जोसेफ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ,अलग अलग विधाओं के प्रभारी के रूप में प्राध्यापकगण तथा प्रतिभागियों के रूप में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्ण प्रतिभागिता निभाई।

## शराबी भतीजे ने टांगी से हमला कर चाचा को उतारा मौत के घाट

-संवाददाता-
अंबिकापुर,28 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

शराब के नशे में भतीजे ने चाचा पर टांगी से प्राणघातक हमला कर दिया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बलरामपुर जिला के पस्ता थाना,पुलिस चैकी डौरा अंतर्गत ग्राम पतराडीह निवासी रामकिशुन पैकरा पिता बिगन पैकरा 60 वर्ष का भतीजा रामप्रीत पैकरा अकसर शराब पीकर शोर-शराबा मचाता था। 22 जुलाई को वह शराब पीकर अपने चाचा रामकिशुन के घर गया था, और हल्ला कर रहा था। अचानक उठा और टांगी से अपने चाचा के गर्दन, सीने में प्राणघातक हमला कर दिया, और पुलिस चैकी डौरा में जाकर बताया कि वह अपने चाचा को टांगी से मारकर जख्मी कर दिया है। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस आरोपी रामप्रीत पैकरा को हिरासत में लेकर मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर काफी खून फैला था और रामकिशुन लहूलुहान हाल में था, उसकी स्थिति काफी खराब थी। घायल अवस्था में घायल रामकिशुन को क्षेत्रीय अस्पताल लेकर परिजन पहुंचे, यहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने रेफर कर दिया। वृद्ध की गंभीर स्थिति देखते हुए स्वजन उसे सीधे रायपुर ले गए, यहां इलाज के दौरान बनी नाजुक स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने जवाब दे दिया।

## गोधनपुर में थमा विकास,ग्रामीणों ने उठाई स्थगन आदेश हटाने की मांग

-संवाददाता-
अंबिकापुर,28 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।



ग्राम फुन्दुरडिहारी (गोधनपुर क्षेत्र) के निवासियों ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए वर्ष 2014 में जारी स्थगन आदेश को रद्द करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि खसरा क्रमांक 336 से 435 तक की भूमि पर निर्माण कार्य और भूमि की खरीद-बिक्री पर प्रतिबंध के कारण न केवल वे अपने ही भू-खण्ड पर मकान निर्माण से वंचित हैं, बल्कि जीवन यापन एवं व्यापारिक विकास में भी उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि यह स्थगन आदेश स्वर्गीय विजय नाथ दुबे एवं उनके परिवार की भूमि को लेकर उपजे विवाद के चलते पूरे गोधनपुर क्षेत्र पर लागू कर दिया गया था। जबकि हकीकत यह है कि उक्त परिवार की अधिकांश भूमि अब भी खाली पड़ी है और बाकी भूखंडों का उससे कोई संबंध नहीं है। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि खसरा क्रमांक 336 से 435 तक की भूमि अब विभाजित होकर कई छोटे-छोटे भूखंडों में बदल चुकी है, जिनके अलग-अलग स्वामी हैं। ये लोग वर्षों से वहां रह रहे हैं और कई मकान पहले से ही निर्मित हैं। इसके बावजूद, स्थगन आदेश के चलते वे न तो अपने मकानों का विस्तार कर पा रहे हैं,न ही किसी प्रकार का व्यावसायिक निर्माण संभव हो पा रहा है।

**बैंक ऋण और विकास कार्य भी ठप :** ग्रामीणों ने बताया कि स्थगन आदेश के चलते क्षेत्र के निवासी किसी भी बैंक से लोन या अन्य वित्तीय सहायता प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। बैंकों ने स्पष्ट रूप से उक्त क्षेत्र में लोन देने से इंकार कर दिया है। नतीजन,न तो व्यापारी अपने व्यवसाय का विस्तार कर पा रहे हैं,और न ही परिवार बढ़ने के बावजूद लोग अपने मकानों का निर्माण कर पा रहे हैं। इससे गृहक्लेश की स्थिति तक उत्पन्न हो रही है।

**राजस्व और व्यवसाय को नुकसान :** ज्ञापन में कहा गया है कि प्रतिबंध के कारण छत्तीसगढ़ शासन को भी पंजीयन शुल्क और व्यवसायिक गतिविधियों से मिलने वाले करों का नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह क्षेत्र पहले ग्राम पंचायत में था और तब से ही यहाँ सैकड़ों मकान बनाए जा चुके हैं। नगर पालिका के गठन के बाद यह क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा था, लेकिन 2014 के स्थगन आदेश के बाद से पूरा विकास कार्य ठप हो गया है।

### जनता की अपील,न्याय हो

ग्रामीणों का कहना है कि कुछ लोग असाध्य बीमारी से पीड़ित हैं और अपनी भूमि बेचकर इलाज कराना चाहते हैं, लेकिन प्रतिबंध के कारण वे ऐसा भी नहीं कर पा रहे। लोगों को उम्मीद थी कि वर्षों में इस आदेश की समीक्षा की जाएगी, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं मिला। इस वजह से क्षेत्र की जनता आक्रोशित और निराश है।

## वन विभाग के पूर्व एसडीओ एस.एन.मिश्रा के द्वारा राजस्व अधिकारियों को मिलाकर वन भूमि को कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर लिखवाया विक्रय पत्र

### जांच में कूट रचना प्रमाणित अनुविभागीय अधिकारी उदयपुर ने की प्राथमिकी दर्ज किए जाने की अनुशंसा

**मामला ग्राम भकुरमा तहसील उदयपुर के 24 एकड़ शासकीय वन भूमि का जिसमें 295 नग जीवित पेड़ स्थित है...**

-संवाददाता-
अंबिकापुर,28 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।



मामला ग्राम भकुरमा तहसील उदयपुर के 24 एकड़ शासकीय वन भूमि का है जिसमें भूमि खसरा नंबर 713/2, 714, 715 एवं 716 रकबा 1.450, 0.801, 1.807 एवं 1.000 हेक्टेयर उपरोक्त भूमि सरगुजा स्टेट सेटलमेंट में उपलब्ध नहीं है तथा उपरोक्त भूमि फॉरेस्ट लैंड होकर शासकीय है तथा भूमि खसरा नंबर 26/7 रकबा 2.671 हेक्टेयर एवं 26/5 रकबा 2.671 हेक्टर जो सेटलमेंट में बड़े झाड़ के जंगल के रूप में दर्ज है जिसे फर्जी एवं कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर भूमि खसरा नंबर 713/2,714,715 एवं 716 रकबा 1.450,0.801,1.807 एवं 1.000 हेक्टेयर को राजकुमारी पति राम नारायण द्वारा अजीत कुमार यादव पिता गोपाल राम क्रेता अभिषेक मिश्रा पिता सुरेश नाथ मिश्रा निवासी बौरीपारा अंबिकापुर को विक्रय किया गया इसी प्रकार भूमि खसरा नंबर 26/ 7 एवं 26/5 को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मीना मिश्रा, सुरेशनाथ मिश्रा, अभिषेक मिश्रा के द्वारा विक्रय पत्र लिखवाया गया। उपरोक्त 24 एकड़ भूमि के संबंध में डी.के. सोनी अधिवक्ता के द्वारा कलेक्टर सरगुजा, अंबिकापुर के द्वारा शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिसके आधार पर कलेक्टर सरगुजा ने अनुविभागीय अधिकारी उदयपुर को जांच हेतु भेजा गया जिसमें अनुविभागीय अधिकारी उदयपुर ने दिनांक 27.6.2025 को जांच प्रतिवेदन के साथ माननीय कलेक्टर महोदय को प्रकरण भेजा गया है जिसमें अनुविभागीय अधिकारी उदयपुर ने यह उल्लेख किया गया है कि वाद भूमि फॉरेस्ट के सीपीटी गड्ढे से व मुनारा से लगा हुआ है तथा वाद भूमि पर 295 नग वृक्ष पाए गए हैं जिसका उल्लेख विक्रय पत्र में नहीं किया गया जिससे शासन को आर्थिक क्षति हुई है इसके अलावा विक्रय की जाने वाली भूमि संबंधित दस्तावेज तत्कालीन पटवारी श्री नीरज वर्मा के द्वारा प्रदान किया गया तथा यह भी जांच में प्रमाणित है कि 713/2, 714, 715, 716 सरगुजा स्टेट सेटलमेंट में अंकित नहीं है किसी भी पक्षकार के द्वारा पट्टे की प्रति भी प्रस्तुत नहीं की गई इस आधार पर यह प्रमाणित है कि उक्त भूमि शासकीय भूमि है। अभिलेखों में कूट रचना किया जाकर भूमि का विक्रय किया गया है। उक्त जांच के आधार पर शासकीय भूमि का विक्रय अभिलेखों में कूट रचना किया जाकर भूमि का विक्रय दर्शित के क्रेताओं को किया गया है जिसके आधार पर तत्कालीन हल्का पटवारी ग्राम भकुरमा तहसील उदयपुर श्री नीरज वर्मा ,विक्रेता राजकुमारी पति नारायण,अजीत कुमार यादव पिता गोपाल राम यादव, क्रेता अभिषेक मिश्रा, सुरेशनाथ मिश्रा व मीरा मिश्रा के विरुद्ध सम्यक धाराओं में प्राथमिकी की दर्ज किए जाने की अनुशंसा सहित प्रकरण कार्यवाही हेतु श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा को प्रेषित किया गया है उक्त प्रकरण में यह देखना है कि कलेक्टर सरगुजा के द्वारा प्राथमिकी की दर्ज की जाती है कि नहीं।

## मिर्च लेकर रायपुर जा रही पिकअप चालक ने माल बेचकर फरार

-संवाददाता-
अंबिकापुर,28 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

व्यापारी अरुण गुप्ता ने 25 क्विंटल हरी मिर्च रायपुर भेजी थी,जिसकी कीमत करीब 1.25 लाख रुपये थी। 2 जुलाई की रात पिकअप क्रमांक सीजी 07 सीक्यू 7924 में मिर्च लोड कर ग्राम असोला से रवाना किया गया था। मिर्च 3 जुलाई को रायपुर पहुंचनी थी,लेकिन तय समय पर नहीं पहुंचने पर व्यापारी ने पिकअप चालक मोहम्मद समीर से संपर्क किया, जो असफल रहा। फोन बार-बार डायवर्ट हो रहा था। रायपुर पहुंचने पर पता चला कि चालक मिर्च लेकर नहीं पहुंचा। समीर पूर्व में भी सब्जी ढो चुका था और कोई बकाया नहीं था। संदेह है कि उसने माल कहीं और बेच दिया। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


## युवक ने धारदार हथियार से खुद का रेता गला

-संवाददाता-
अंबिकापुर,28 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

शहर से लगे ग्राम बधियाचुआं निवासी युवक ने सोमवार की सुबह अज्ञात कारण से धारदार हथियार से खुद का गला रेत लिया। परिजन ने देखा तो उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया है। यहां चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई है। जानकारी के अनुसार पप्पू 28 वर्ष कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बधियाचुआं का रहने वाला है। इसकी पत्नी कुछ दिनों से मायके में रह रही है। सोमवार की सुबह आत्महत्या करने के नियत से खुद को धारदार हथियार से गला रेत लिया। परिजन ने देखा तो उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया है। परिजन ने बताया कि वह पूर्व में भी कई बार आत्महत्या की कोशिश कर चुका है।

## मेयर मंजूषा भगत की फेसबुक आईडी हैक

-संवाददाता-
अंबिकापुर,28 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।



नगर निगम की मेयर मंजूषा भगत की फेसबुक आईडी हैक कर ली गई है। हैकर ने उनकी आईडी से कई परिचितों को आपत्तिजनक व अनर्गल मैसेज भेजे। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब मेयर को परिचित लोगों के फोन आने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही मंजूषा भगत ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डॉक्टर से रुपए मांगने पर एएसआई लाइन अटैच,नगर सैनिक निलंबित

-संवाददाता-
अंबिकापुर,28 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

एक निजी अस्पताल के डॉक्टर से रुपए मांगने के मामले में आईजी सरगुजा रेंज दीपक झा ने बड़ी कार्रवाई की है। आरोप है कि मणिपुर थाना में पदस्थ एएसआई धीरज गुप्ता और नगर सैनिक ओम प्रकाश दुबे ने एक प्रकरण की विवेचना के नाम पर डॉक्टर से पैसों की मांग की थी। डॉक्टर ने आरोप लगाया कि उसने कुछ रुपए नगर सैनिक के खाते में ट्रांसफर भी किए थे,फिर भी लगातार और पैसों की मांग की जा रही थी। इससे परेशान होकर डॉक्टर ने सीधे आईजी दीपक झा से शिकायत की।

## डीलरशिप के नाम पर सेवानिवृत जवान से 40 लाख की ठगी

### न्यायालय के निर्देश पर एफआईआर दर्ज

-संवाददाता-
अंबिकापुर,28 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

इलेक्ट्रॉनिक दोपहिया वाहन की डीलरशिप दिलाने के नाम पर दंपती से 40 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद गांधीनगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गांधीनगर थाना क्षेत्र के सरनापारा तुलसी चौक,गंगापुर खुर्द निवासी रंजीत कुजूर (62 वर्ष), सीआईएसएफ से सेवानिवृत्त है। उनकी पत्नी जसिन्ता कुजूर (60 वर्ष) ने बताया कि उन्हें ओजोमो ऑटो मोबाइल्स प्रालि,चंडीगढ़ (पंजाब) के डायरेक्टर राम शर्मा द्वारा इलेक्ट्रिक स्कूटर की डीलरशिप देने का प्रस्ताव मिला था। 4 दिसंबर 2019 को कंपनी का कोटेशन मिलने के बाद उन्होंने केनरा बैंक अंबिकापुर से 45 लाख का लोन लिया और 29 जनवरी 2020 को 40 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से कंपनी के खाते में ट्रांसफर कर दिए। लेकिन भुगतान के बाद उन्हें न तो वाहन मिले और न ही कोई आवश्यक सामान उपलब्ध कराया गया। लगातार संपर्क के बाद भी राम शर्मा टालमटोल करता रहा। निराश होकर दंपती ने न्यायालय में दस्तावेजों सहित परिवाद प्रस्तुत किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 156(3) के तहत आवेदन स्वीकार करते हुए पुलिस को जांच के निर्देश दिए, जिसके आधार पर केस दर्ज किया गया। इस दौरान रंजीत कुजूर ने दुकान किराए पर ली और 3 वर्षों तक 15 हजार रुपये मासिक किराया भी चुकाया।

# हाईटेक और सर्वसुविधायुक्त होगा चिरमिरी में डाक्टरों की कॉलोनी:मंत्री

## प्रदेश में बनने वाले चिकित्सीय आवासीय परिसर की आगाज चिरमिरी से,चिकित्सा के क्षेत्र में अकेले 100 करोड़ से ज्यादा का काम सिर्फ चिरमिरी में






-संवाददाता-
कोरिया,28 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।
सावन सोमवार के तीसरे सप्ताह में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के बाद जिले के चिरमिरी जिला अस्पताल के सामने छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में चिकित्सक आवासीय परिसर एवं ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण कार्य लागत 14 करोड़ 68 लाख रुपए का भूमिपूजन समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर स्थानीय विधायक व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उल्लेखनीय रहे कि छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में जिला अस्पताल परिसर चिरमिरी में चिकित्सक आवासीय परिसर एवं ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण कार्य का भूमिपूजन समारोह मुख्य अतिथि के रूप में श्याम बिहारी जायसवाल,विधायक मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र-02 एवं कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण चिकित्सा शिक्षा एवं बीस सूत्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उनके साथ अति विशिष्ट अतिथि के रूप में रामनरेश राय महापौर नगर पालिक निगम चिरमिरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष सिंह सभापति नगर पालिका निगम चिरमिरी, मनोज डे (बबलू) एमआईसी लोक निर्माण विभाग नगर पालिका निगम चिरमिरी,मनीष खटिक पार्षद वार्ड क्र. 29 एवं श्रीमती नीलम सालूजा पार्षद वार्ड क्र. 28 मौजूद रही। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा अर्चना और धरती पूजन के साथ हुआ इसके बाद मंचासीन अतिथियों का सम्मान पुष्प गुच्छ भेट कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य चिकित्सा अधिकारी अविनाश खरे,सीजीएमएससी के सहायक अभियंता, बीएमओ डॉ जेके यादव खड़गवां सहित जिला अस्पताल के डॉक्टर्स, जिला महामंत्री द्वारिका जायसवाल,भाजपा मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम सोनकर, मंडल महामंत्री रीत जैन, विधायक प्रतिनिधि राजू नायक,युवा नेता बबलू शर्मा सहित निगम के समस्त वार्ड पार्षद, एमआईसी, भाजपा महिला मंडल तथा जनसमुदाय उपस्थित रहे।

### मैं स्वास्थ्य मंत्री बना तो पता चला कि प्रदेश के आदिवासी दुरस्त क्षेत्र बस्तर और सरगुजा में डॉक्टर्स सिर्फ इसलिए नहीं आना चाहते है क्योंकि रहने की दिक्कत होती है

इस खास उत्साह के मौके पर चिरमिरी समेत पूरे जिले की जनता को संबोधित करते हुए बोले कि 15 करोड़ 18 लाख की लागत से केवल भवन निर्माण होने है जिसमें एक करोड़ अड़सठ लाख का ट्रांजिट हॉस्टल जहां यह भूमिपूजन का कार्यक्रम हो रहा है,13 करोड़ का डॉक्टर्स कालोनी जो तहसील भवन के पीछे, फिजियोथेरेपी बिल्डिंग और 25 लाख के फिजियोथेरेपी हाईटेक उपकरण का आज भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ। श्री जायसवाल ने कहा कि बड़ा बाजार की बहुप्रतीक्षित मांग रही है कि यहां सर्वसुविधायुक्त स्वास्थ्य व्यवस्था हो। आप सभी जानते है कि स्वास्थ्य की व्यवस्थाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण कुछ है तो वह है डॉक्टर्स,डॉक्टर के बाद उसके जो स्टॉप, मरीजों के रुकने की व्यवस्था और इन सब के साथ बड़ी समस्या चिरमिरी की रही है कि डाक्टर आए भी तो यहां किराए का रूम भी नहीं मिल पाता है,उन्होंने आगे कहा कि जब मैं स्वास्थ्य मंत्री बना और अध्ययन किया तो पाया कि प्रदेश के आदिवासी दुरस्त क्षेत्र बस्तर और सरगुजा में डॉक्टर्स सिर्फ इसलिए नहीं आना चाहते है कि उनके रहने की उचित व्यवस्था नहीं है, बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा संस्थान नहीं है,मनोरंजन के साधन नहीं है तब मैने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि आप इन इलाकों के लिए आवासीय भवन हेतु राशि उपलब्धता की अनुमति प्रदान कीजिए और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय चूंकि ऐसे क्षेत्र से आते है,वही के माटीपुत्र है इसलिए उन्होंने मुझे पूरी छूट दी और इसी भवन निर्माण की कड़ी में चिरमिरी की धरा से हम इसकी शुरुआत कर रहे है और इस भवन के बनते ही एक साथ 15 डाक्टर यहां रहेंगे।

### जिसकी निंदा हो...वह जिंदा होता है...

श्री जायसवाल ने कहा कि अकेले चिरमिरी में ही 100 करोड़ से ज्यादा का निर्माण कार्य और अन्य आवश्यक उपकरणों के लिए खर्च किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि चिरमिरी ने मुझे चुना है और प्रदेश तक पहुंचाया है तो मैं बीच बीच में हो रही आलोचनाओं के बारे में नहीं सोचता हु,मुझे मालूम है और चिरमिरी का पूरा खाका मेरे पास तैयार है इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। इसके साथ उन्होंने बीते दोनों सोशल मीडिया में ट्रैक्टर चलाने की प्रतिक्रिया के जवाब में यह भी कहा कि जिसकी निंदा हो वह जिंदा होता है और जो निंदा करते है सही काम होने पर बाद में वे शर्मिंदा होते है इसलिए मैने चिंता करना छोड़ दिया है और सिर्फ और सिर्फ काम पर ध्यान देता हूँ।



### स्वास्थ्य मंत्री ने जिला अस्पताल के व्यवस्थाओं का जायजा लिया

स्वास्थ्य मंत्री ने जिला अस्पताल के व्यवस्थाओं का जायजा लेने जिला अस्पताल पहुंचे जहां अस्पताल के विभिन्न वार्डों में मरीजों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना साथ ही अस्पताल में डाक्टरों और नर्सनवके व्यवहार के बारे में भी मरीजों से बात की। अस्पताल में एक नर्स ने वर्क लोड ज्यादा होने की दिक्कत का जब जिक्र किया तो वहीं तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए 20 नर्सों की भर्ती इसी माह करते हुए अगले माह यानि 1 अगस्त से कार्य प्रारंभ कराने की बात कही। आज का यह भूमिपूजन कार्यक्रम कई मायनों में खास रहा है जहां एक ओर शहरवासियों में एक उम्मीद की किरण दिखाई दे रही है वही चिरमिरी की धरा पर जिला अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों के सबसे बड़े परेशानी का सबक बना रहा चिकित्सक आवासीय भवन के भूमिपूजन के बाद से अब विराम लग जाएगा, यही नहीं चिकित्सकों की नियुक्ति के बाद जिला अस्पताल में ज्वाइन ना करने का कारण भी आज के बाद से समाप्त हो गया, इससे चिरमिरी के स्थायित्व को लेकर चल रहे विकास कार्यों में एक और कड़ी का जुड़ना स्वास्थ्य मंत्री के प्रति विधानसभा की जनता का विश्वास और भी प्रगाढ़ हुआ है।



# तेंदूपत्ता संग्राहकों को नहीं हुआ राशि का भुगतान कार्यालय का चक्कर लगाने मजबूर कर्ज लेकर किया कृषि कार्य

-संवाददाता-
लखनपुर,28 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।
लखनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम जामा में तेंदूपत्ता संग्राहकों को राशि भुगतान नहीं किए जाने से परेशान है। तेंदूपत्ता राशि का भुगतान नहीं किए जाने के बाद इनके द्वारा कर्ज लेकर कृषि का कार्य किया गया है भुगतान के लिए कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। 28 जुलाई दिन सोमवार की दोपहर लगभग 2:30 बजे बड़ी संख्या में ग्रामीण लखनपुर वन विभाग कार्यालय पहुंचे और पोषक अधिकारी प्रेम सिंह से मुलाकात कर राशि भुगतान किए जाने मांग की गई। संग्राहकों से मिली जानकारी के मुताबिक 40 से अधिक ग्रामीणों ने मई 2025 में जंगल से तेंदूपत्ता का संग्रहण का कार्य पूर्ण कर गड्डी बनाकर फड़ मुंशी के पास जमा कर दिया गया। तेंदूपत्ता संग्रहण की राशि का भुगतान संबंधित व्यक्तियों के खाते में जमा होना था लेकिन दो माह बीत जाने के बावजूद तेंदूपत्ता संग्रहण की राशि खाते में जमा नहीं हो पाई। खरीफ फसल का मौसम आने के बाद कर्ज लेकर ग्रामीणों के द्वारा कृषि का कार्य किया गया वहीं तेंदूपत्ता राशि के लिए कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। पोशाक अधिकारी से मिलने के दौरान निर्मल एक्का, अलंग साय एक्का,चमरू,शिवलाल,प्रेम शंकर,बीरबल, जलसा किशोर राजू,शिवराम,जगदीश, अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



इस संबंध में लघु वनोपज प्रबंधक क्षितिज कुमार सिंह से बात करने पर उनके द्वारा बताया गया की संग्राहकों की ईकेवाईसी नहीं होने के कारण ऑफलाइन सूची तैयार कर अंबिकापुर और रायपुर कार्यालय को भेजा गया है जल्द ही राशि का भुगतान कराया जाएगा।

# लगातार हो रही बारिश के बीच ग्रामीण का मकान ढहा,शासन प्रशासन से मुआवजा की मांग



-संवाददाता-
लखनपुर,28 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।
सरगुजा जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जुडवानी में भारी बारिश के कारण ग्रामीण का मकान ढह गया मकान गिरने से कमरे के अंदर रखा सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक हीरमनिया बाई पति नंदलाल सारथी ग्राम जुडवानी निवासी का मकान 27 वन 28 जुलाई की दरमियानी रात अचानक भरभरा के गिर गया जिससे खपड़ैल लकड़ी गोला और रूम के अंदर रखें सामान क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि उस वक्त ग्रामीण परिवार दूसरे कमरे में सोया हुआ था नहीं तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। वही बताया जा रहा है कि लगातार हो रही बारिश के बीच घर के दीवारों में नमी आने की वजह से घर की दीवार भरभरा कर गिर गया वही हीरमनिया पति नंदलाल सारथी में शासन प्रशासन से मुआवजे की मांग की है साथ ही हल्का पटवारी को सोमवार को इसकी सूचना दीगई है।



# कोयला चोरी के आरोप में पुनः पकड़ाया एक ट्रक-एफआईआर दर्ज

-संवाददाता-
कोरबा,28 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।
पश्चिम क्षेत्र के कुसमुंडा परियोजना में पुनः कोयला चोरी का मामला सामने आया है। बताया जा रहा हैं की ट्रक चालक ने 6 टन कोयला चोरी किया और पकड़े जाने पर मौके से फरार हो गया। इस मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया की ट्रक चालक ने कोयला चोरी की कोशिश की थी, लेकिन पकड़े जाने पर उसने कोयला गिरा दिया और मौके से भाग गया। कुसमुंडा परियोजना के अधिकारी एस.एल. धैर्य ने बताया कि ट्रक का रिविजन किया गया था, जिसमें 31.41 टन कोयला पाया गया, जबकि ग्रास वजन 26.30 टन होना चाहिए था। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक ने 6 टन कोयला चोरी किया था। पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ कोयला चोरी के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। इस मामले में कुसमुंडा परियोजना के अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध है। पुलिस ने बताया कि अधिकारियों के खिलाफ भी जांच की जाएगी। इस मामले में कोयला मजदूर संघ ने भी सख्त कार्यवाही की मांग की है। संघ अध्यक्ष ने बताया कि कोयला चोरी के मामले में सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।

# कोरिया जिले की स्काउट-गाइड टीम राज्य स्तरीय एडवेंचर हाइक एवं आपदा प्रबंधन शिविर हेतु जलकी पहुंची

-संवाददाता-
कोरिया,28 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर के द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के वित्तीय अनुदान से आयोजित राज्य स्तरीय एडवेंचर हाइक, व्यक्तित्व विकास एवं प्राकृतिक आपदा प्रबंधन शिविर में सम्मिलित होने हेतु कोरिया जिले की स्काउट्स एवं गाइड्स की टीम आज जलकी पहुंची।



यह चार दिवसीय शिविर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार दिनांक 28 से 31 जुलाई 2025 तक ग्राम जलकी,सिरपुर,जिला महासमुंद में आयोजित किया जा रहा है,जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से स्काउट्स और गाइड्स सम्मिलित हो रहे हैं। कोरिया जिले के जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी जी के निर्देशानुसार,जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेंद्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार,जिला संगठन आयुक्त स्काउट श्री नागेश्वर साहू एवं जिला संगठन आयुक्त गाइड आशा एक्का के नेतृत्व में स्काउटर अनिल कुमार,गाइडर धनमत पड़ौती के साथ जिले के विभिन्न विद्यालयों के 15 स्काउट्स और 15 गाइड्स कुल 32 सदस्यों की टीम दिनांक 27 जुलाई 2025 को चिरमिरी रेलवे स्टेशन से रवाना होकर आज शिविर स्थल जलकी पहुंचे हैं। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता,आत्म निर्भरता,साहसिकता,और आपदा प्रबंधन जैसे आवश्यक गुणों का विकास करना है। यह शिविर युवाओं के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह शिविर विद्यार्थियों के लिए जीवन में आने वाली विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप,बाढ़, अग्निकांड आदि में राहत एवं बचाव कार्यों से संबंधित व्यवहारिक प्रशिक्षण देने के साथ-साथ साहसिक गतिविधियों जैसे ट्रैकिंग, नाईट हाइक,मैप रीडिंग,टेन्ट निर्माण आदि का भी अभ्यास कराएगा। इसके साथ ही नेतृत्व विकास,संवाद कौशल,आत्म-नियंत्रण,अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर कार्यशालाएं भी आयोजित होंगी। राज्य स्तरीय इस शिविर में सम्मिलित हो रहे सभी प्रतिभागियों को चंदन संजय त्रिपाठी कलेक्टर कोरिया पदेन संरक्षक भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोरिया,डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया, देवेंद्र तिवारी जिला मुख्य आयुक्त कोरिया,जितेंद्र कुमार गुप्ता जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जिला कोरिया,रवि कुमार पाण्डेय जिला संघ कोषाध्यक्ष,सुरेंद्र कुमार जिला सचिव, नागेश्वर साहू जिला संगठन आयुक्त स्काउट,आशा एक्का जिला संगठन आयुक्त गाइड,सुनील बड़ा जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, निशा खान जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड,जिला मीडिया प्रभारी रवि बैगा,श्याम कुमार आण्डिल विकासखंड सचिव सोनहत, शिव प्रताप सिंह विकासखंड सचिव बैकुंठपुर सहित जिला संघ के समस्त पदाधिकारी संस्था के प्राचार्य एवं समस्त स्काउटर-गाइडर ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं।

# विकलांग युवती ने कलेक्टर से लगाई नौकरी की गुहार-दिया आवेदन

-संवाददाता-
कोरबा,28 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।
कोरबा जिले के ग्राम गोढी की एक विकलांग युवती तेरसबाई यादव ने कलेक्टर कोरबा को एक आवेदन सौंपकर नौकरी की गुहार लगाई है। युवती तेरस बाई ने बताया कि वह जन्म से ही अपने लेफ्ट पैर से 40 परसेंट विकलांग हैं और गरीब किसान परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उन्होंने बीए फाइनल और एमए अंग्रेजी की पढ़ाई करी है,लेकिन आर्थिक स्थिति के कारण आगे की पढ़ाई करने में परेशानी हो रही है। उसने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि उन्हें शिक्षा विभाग या किसी अन्य विभाग में विकलांग कोटा में नौकरी देने की कृपा करें। उन्होंने कहा कि नौकरी मिलने से वह अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने में मदद कर पाएंगी। युवती ने आगे बताया कि वह अपने परिवार की पहली महिला हैं जिन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि वह अपने परिवार और समाज के लिए एक उदाहरण बनना चाहती हैं। कलेक्टर कोरबा ने तेरस बाई के आवेदन पर संज्ञान लेते हुए आश्वासन दिया है कि उनके मामले को गंभीरता से देखा जाएगा और जल्द ही नौकरी के अवसर प्रदान किए जाएंगे।



# छुरीगढ़ धाम कांवड़ यात्रा में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री,देवरहा बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित होती है प्रतिवर्ष यह यात्रा

» शिवभक्ति में सराबोर नजर आया शहर गांव,बोल बम के नारों से गुंजायमान रहा वातावरण

» कांवड़ियों का उत्साह बढ़ाने स्वास्थ्य मंत्री भी कुछ दूर तक चले पैदल,कांवड़ियों में दिखा अलग उत्साह

» बैकुंठपुर विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी लिया कांवड़ यात्रा में हिस्सा,श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़





### स्वास्थ्य मंत्री धर्म कर्म के आयोजन में हर संभव शामिल होने का प्रयास करते हैं...


छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री व मनेन्द्रगढ़ विधानसभा के विधायक श्याम बिहारी जायसवाल की गिनती हिंदूवादी नेता में आती है और यह काफी धार्मिक व आध्यात्मिक होने का प्रयास भी करते हैं, हर धार्मिक आयोजन व कार्यक्रम में शामिल होना इनका उद्देश्य होता है और अक्सर देखा गया है कि धर्म कर्म के आयोजन में वह शामिल होने से बिल्कुल भी नहीं कतराते हैं इसमें शामिल होते हैं और भगवान की श्रद्धा में भी आम आदमी की तरह लीन हो जाते हैं अक्सर ही ऐसा इन्हें देखा गया, चाहे वह भागवत हो या फिर कोई भी बड़ा धार्मिक आयोजन जैसे अभी सावन के माह में शिव मंदिर सहित कावड़ यात्रा में शामिल होते हैं और पूरी श्रद्धा के साथ अपनी सहभागिता निभाते हैं।

### भोग भंडारे का हुआ आयोजन

बैकुंठपुर दुर्गा पूजा समिति भवानी तिगड़ा के सदस्यों के द्वारा दुर्गा मंदिर पीपल पेड़ के नीचे सावन के तीसरे सोमवार को विशाल भोग भंडारे का आयोजन किया गया, अनुराग दुबे ने बताया कि दुर्गा पूजा समिति भवानी तिगड़ा के सौजन्य से हर सावन सोमवार को यहां भंडारे का आयोजन करना सुनिश्चित किया गया है यह आज का जो भंडारा बनवाया गया है वह विकास स्टील फर्नीचर के प्रोपराइटर पहलाद जायसवाल के द्वारा बनवाया गया है।

-संवाददाता-
कोरिया,28 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के प्रेमाबाग मंदिर प्रांगण से प्रतिवर्ष सावन महीने के किसी एक सोमवार को कांवड़ यात्रा निकाली जाती है और यह यात्रा प्रेमाबाग मंदिर प्रांगण से छुरीगढ़ धाम तक निकाली जाती है,13 किलोमीटर तक की यह यात्रा आरंभ होती है शहर के गेज नदी तट से जल उठाव करके और जिसे सबसे पहले प्रेमाबाग मंदिर परिसर के सबसे पुराने प्रेमा शंकर महादेव मंदिर में स्थापित शिवलिंग पर श्रद्धालु अर्पित करते हैं और तपश्चात यहां विधि विधान से पूजा अर्चना करने उपरांत यह यात्रा आरम्भ होती है। यात्रा प्रेमाबाग देवरहवा बाबा सेवा समिति द्वारा आयोजित की जाती है प्रतिवर्ष जिसमें बड़ी संख्या में जिलेभर के श्रद्धालु शामिल होने पहुंचते हैं। इस वर्ष यह यात्रा प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में निकाली गई जिसमें कुछ दूर तक उन्होंने भी पैदल चलकर कांवड़ियों का साथ दिया और इस दौरान शहर से लेकर यात्रा के बीच पड़ने वाले गांवों में उत्साह का माहौल भक्तिपूर्ण माहौल देखने को मिला। स्वास्थ्य मंत्री को इस वर्ष देवरहवा बाबा सेवा समिति की तरफ से विशेष आमंत्रण देकर बुलाया गया था और स्वास्थ्य मंत्री ने भी आमंत्रण पर आना स्वीकार किया और उन्होंने भी शिवभक्तों के साथ शिवभक्ति में लीन होने का सौभाग्य प्राप्त किया। कोरिया जिले के जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के प्रेमाबाग मंदिर से छुरीगढ़ पहाड़ तक आयोजित होने वाली यह कांवड़ यात्रा काफी प्रसिद्ध होती जा रही है और दिन प्रतिदिन इसकी ख्याति बढ़ती जा रही है जिसकी वजह से इस वार्षिक आयोजन में शिवभक्तों की संख्या में प्रतिवर्ष इजाफा देखने को मिलता है, बैकुंठपुर विधायक भी इस आयोजन में शिरकत करने पहुंचे और उन्होंने भी शिवभक्तों के साथ बम-बम भोले के उच्चारण के साथ शिवभक्ति में अपनी भक्ति का श्रद्धालुओं के साथ मिश्रण किया माहौल को भक्तिमय बनाने में सहयोग किया और उन्होंने इस यात्रा को लेकर इसकी प्रसिद्धि को लेकर आयोजक सदस्यों को शुभकामनाएं प्रदान की। स्वास्थ्य मंत्री के साथ यह यात्रा प्रेमाबाग मंदिर प्रांगण से पैदल घड़ी चौक पहुंची जहां शिवतांडव नृत्य का प्रदर्शन कुछ युवकों द्वारा किया गया। शिव तांडव नृत्य आयोजन उपरांत स्वास्थ्य मंत्री ने यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं प्रदान की और उनकी मनोकामनाएं पूर्ण हों ऐसी उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की। प्रेमाबाग मंदिर परिसर में इस दौरान वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें स्वास्थ्य मंत्री ने फलदार वृक्ष का रोपण कर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया। बैकुंठपुर से छुरीगढ़ तक 13 किलोमीटर लंबी कांवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं ने बम-बम भोले नाम के उच्चारण करते हुए हिस्सा लिया और यह आयोजन छुरीगढ़ धाम में स्थित शिवलिंग पर जल अर्पित कर संपन्न हुआ।





## ग्राम पंचायत छिंदिया के खासपारा में विद्युत सप्लाई वाला ट्रांसफार्मर एक माह से खराब

**कई बार विद्युत कार्यालय पटना में शिकायत दर्ज करने के बाद भी कार्यवाही नहीं...**

**विद्युत कार्यालय पटना में मौखिक और लिखित शिकायत की गई है दर्ज...**

-संवाददाता-
कोरिया/पटना,28 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

ग्राम पंचायत छिंदिया के खासपारा में सप्लाई करने वाला विद्युत ट्रांसफार्मर विगत एक माह से अधिक समय से खराब हो गया है, जिसमें केवल एक फेस विद्युत सप्लाई हो रही है। जिस कारण लो वोल्टेज और बिजली गुल होने की समस्या से ग्रामीण अत्यधिक परेशान हैं। इसकी शिकायत कई बार पटना स्थित विद्युत कार्यालय में मौखिक और लिखित रूप से की गई है, परंतु माह बीत जाने के बाद भी कोई उचित कार्यवाही नहीं हुई है, जिससे बरसात के मौसम में ग्रामीण परेशान है।



ज्ञातव्य हो कि उक्त ट्रांसफार्मर से ग्राम पंचायत छिंदिया के वार्ड क्रमांक एक, दो, चार और पांच के अलावा ग्राम पंचायत चिरगुडा के कोचिला पारा वासियों को भी विद्युत की सप्लाई की जाती है। ट्रांसफार्मर के खराब होने से विगत एक माह से अच्छी बारिश होने के कारण हालांकि कृषकों को तो समस्या नहीं है,परंतु भीषण बारिश के मौसम में अंधेरे में सर्पदंश, बिच्छू एवं अन्य कीड़े-मकोड़ों का खतरा बना रहता है,तथा बरसात के मौसम में मच्छरों का भी प्रकोप कुछ अधिक होता है। लगातार लाइट के गुल रहने से ग्रामीण भय के साए में अंधेरे में जीवन-यापन कर रहे हैं। इसके साथ ही ग्राम में कई लोगों के यहां स्थित गेहूं,चावल की चक्की, जो तीन फेस की लाइट के साथ संचालित होती है, विगत एक माह से अधिक समय से ट्रांसफार्मर खराब होने का कारण बंद पड़ी है। इस वजह से भी ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ट्रांसफार्मर के खराब होने की शिकायत मौखिक और लिखित रूप से विद्युत विभाग पटना को कई बार की जा चुकी है, परंतु सुधार के लिए कोई उचित पहल आज पर्यंत तक नहीं किया गया है।

### छिंदिया के डुमरडीह स्थित ट्रांसफार्मर की हूंडी भी हुई खराब,विद्युत व्यवस्था बाधित

ग्राम पंचायत छिंदिया के ही आदिवासी बाहुल्य मोहल्ले डूमरडीह स्थित ट्रांसफार्मर की हुंडी के खराब हो जाने से विद्युत सप्लाई बाधित थी, जिसे टेंपरेरी तौर पर सुधारा गया है,परंतु इसके कभी भी खराब हो जाने का खतरा है। इसके बारे में भी सूचना दी गई थी,परंतु आज पर्यंत तक कोई उचित कार्यवाही न होने से ग्रामीण लो वोल्टेज एवं अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।

### वर्षा ऋतु में लाइट गूल होने से मच्छरों और सर्पदंश का खतरा:अंजू जायसवाल

ग्राम पंचायत छिंदिया की उप सरपंच श्रीमती अंजू जायसवाल ने कहा कि बरसात के मौसम में जहां एक ओर बारिश विगत माह भर से हो रही है,वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में मौसमी बीमारियों ने भी अपना घर जमा लिया है। लाइट गुल होने से एक ओर जहां सर्पदंश एवं अन्य कीड़े मकोड़े के काटने का खतरा बना रहता है,वहीं दूसरी ओर मच्छरों के प्रकोप से मलेरिया डेंगू एवं अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ट्रांसफार्मर के खराब होने की सूचना विद्युत विभाग तक दी गई है। अति शीघ्र सुधार ना होने की दशा में स्थानीय विधायक महोदय,स्थानीय जिला पंचायत सदस्या एवं जिलाधीश महोदया तक समस्या निदान के लिए बात रखी जाएगी।



## सोनहत के महादेव के दर्शन को जुटे श्रद्धालु, पहली बार निकाली गई कांवर यात्रा

**प्राचीन शिव मंदिर में भी हुआ जलाभिषेक**



-राजन पाण्डेय-
सोनहत,28 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

सोनहत में सोनहत के महादेव की स्थापना के बाद तीसरे श्रावण सोमवार को जलाभिषेक का विशेष आयोजन किया गया। विगत कई वर्षों से निर्मित दुर्गा पंडाल में सनातन गौरव मंच एवं सभी सोनहत वासियों एवं जन प्रतिनिधियों के सामुहिक प्रयास से इस वर्ष शिव स्थापना की गई,श्रावण मास में सोमवार का दिन भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए बेहद खास होता है। इस दिन शिव भक्त व्रत रखते हैं और भगवान शिव को जल चढ़ाते हैं। श्रावण सोमवार को सोनहत की पावन धरा पर स्थापित भोले शंकर की पूजा अर्चना के लिए तीसरे सोमवार को पूरे क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में इकठ्ठा होने लगे।





### जनपद अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य सहित गणमान्य लोगों ने दिखाया उत्साह

कांवर यात्रा में जनपद पंचायत अध्यक्ष आशा देवी जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी जनपद सदस्य गण सरपंच गण एवं क्षेत्र के श्रद्धालु काफी संख्या में अपनी भागीदारी निभाई।

### सनातन गौरव मंच ने शुरू की कांवर यात्रा की महान परम्परा

सोनहत मुख्यालय में पहली बार कांवर यात्रा की भव्य परम्परा शुरू की गई, लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला,लोगों ने पूरी श्रद्धा और उमंग के साथ अपने भोले बाबा के दर्शन को पहुचें।

### प्राचीन शिव मंदिर में भी जलाभिषेक और भंडारे का आयोजन

सनातन गौरव मंच के संयोजन में कांवर यात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं ने प्राचीन शिव मंदिर में भी जलाभिषेक किया, मंच द्वारा भव्य भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया।

### सोनहत के महादेव में जलाभिषेक के लिए हर वर्ष निकलेगी विशाल कांवर यात्रा

सनातन गौरव मंच के संयोजक मनोज साहू ने बताया कि प्रत्येक श्रावण सोमवार पर भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से विशेष फल की प्राप्ति होगी। प्रत्येक शिवालय में भारी संख्या में लोग पहुंचेंगे और और भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे।

### सोनहत के सभी शिवालयों में जलाभिषेक

सोनहत के महामाया मंदिर स्थित शिव मंदिर एवं बसंत झरिया में भी पूजा अर्चना की गई मेण्ड्रा मंदिर में भी काफी दूर से लोगो के द्वारा आ कर जल चढ़ाया गया, वही शिव गुफा एवं शिवघाट में लोगो ने जलाभिषेक किया। सावन के इस सोमवार में लोगो का हुजूम शिवालयों में देखने को मिला जटाशंकर एवं नील कंठ धाम में भी लोग चढ़ाई चढ़ जल चढ़ाने पहुचे।

# एशिया कप से पहले बड़ा ऐलान

## 13000 से ज्यादा रन बनाने वाला पूर्व विकेटकीपर-कौशल सिल्वा बना हेड कोच



**यूएई,28 जुलाई 2025।** एशिया कप 2025 के शेड्यूल का ऐलान हो चुका है। 9 सितंबर से 28 सितंबर के बीच संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई में टूर्नामेंट का आयोजन होगा। एशिया कप टी 20 आई फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिसमें 8 टीमें शिरकत करेंगी। इनमें अफगानिस्तान,बांग्लादेश,भारत, पाकिस्तान,श्रीलंका के अलावा यूएईऔर हांगकांग की टीम भी शामिल हैं। टूर्नामेंट का आगाज होने में अभी एक महीने से ज्यादा वक्त बचा है, ऐसे में हांगकांग क्रिकेट टीम की ओर से बड़ा ऐलान किया गया है। हांगकांग क्रिकेट टीम ने नए कोच की नियुक्ति की घोषणा की है। श्रीलंका के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर कौशल सिल्वा को हांगकांग की मेन्स क्रिकेट टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया है। हांगकांग की टीम ने एशिया कप के मद्देनजर यह बड़ा कदम उठाया है। हांगकांग को एशिया कप 2025 के ग्रूप-बी में रखा गया है,जिसमें श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश की टीम शामिल हैं।

### फर्स्ट क्लास में शानदार रिकॉर्ड

कौशल सिल्वा ने साल 2011 में पाकिस्तान के खिलाफ श्रीलंका की ओर से टेस्ट डेब्यू किया था। वह 7 सालों तक श्रीलंका की टीम का हिस्सा रहे और 39 टेस्ट मैचों की 74 पारियों में 28.36 के औसत से 2099 रन बनाए। उन्होने 3 शतक और 12 अर्धशतक भी जड़े। उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में एक शानदार विकेटकीपर -सलामी बल्लेबाज के तौर पर 209 मैचों में 41 शतकों के साथ 13932 रन बनाए। नवंबर 2018 में उन्होंने श्रीलंका के लिए अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला। इसके बाद उन्होंने कोचिंग में हाथ आजमाया। साल 2019 में क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद सिल्वा ने श्रीलंका, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में कोचिंग दी। हालांकि, पहली बार वह किसी इंटरनेशनल टीम को कोचिंग देते नजर आएंगे।

### हांगकांग 5 वीं बार लेगी हिस्सा

हांगकांग क्रिकेट टीम की बात की जाए तो हाल ही में एशिया पैसिफिक क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी में शिरकत की थी। सिंगापुर में खेले गए इस टूर्नामेंट में हांगकांग को खिताबी मुकाबले में मलेशिया के हाथों शिकस्त का सामना करना पड़ा था। अब टीम कौशल सिल्वा की कोचिंग में नए आगाज करने के इरादे से एशिया कप में शिरकत करेगी। एशिया कप में 5 वीं बार होगा जब हांगकांग की टीम टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। अब देखना दिलचस्प होगा कि टीम एशिया कप में किस तरह का प्रदर्शन करती है।

# इंग्लैंड लगातार दूसरी बार बना यूरोपियन चैंपियन

## फाइनल में स्पेन को हराकर जीता यूरो 2025 का खिताब

**ब्रिसबेन,28 जुलाई 2025।** डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड ने यूरोपीय महिला फुटबॉल में अपना दबदबा कायम रखते हुए यूरो 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड ने मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन स्पेन को बेहद रोमांचक मुकाबले में पेनल्टी शूटआउट के जरिए 3-1 से शिकस्त दी। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने फीफा महिला वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में स्पेन से मिली हार का बदला भी पूरा कर लिया और लगातार दूसरी बार यूरो चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।






### स्पेन का खिताबी हैट्रिक पूरा करने का सपना टूटा

स्पेन की टीम इस मुकाबले को जीतकर फीफा वर्ल्ड कप 2023 और यूईएफ ए नेशंस लीग 2024 के बाद अपनी खिताबी हैट्रिक पूरी करने के इरादे से उतरी थी। हालांकि, इंग्लैंड की दमदार रणनीति और गोलकीपर हन्ना हैम्पटन के बेहतरीन प्रदर्शन ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

मैच की शुरुआत में स्पेन ने बढ़त बना ली थी। मैच के 25वें मिनट में मैरियोना काल्डेन्ते ने शानदार हेडर से गोल कर स्पेन को 1-0 से आगे कर दिया। इंग्लैंड ने वापसी करते हुए 57 वें मिनट में एलेसिया रुस्सो के हेडर के जरिए स्कोर बराबर किया। इसके बाद निर्धारित समय और अतिरिक्त समय में कोई गोल नहीं हुआ, जिससे मुकाबला पेनल्टी शूटआउट में पहुंच गया।

### शूटआउट में इंग्लैंड ने दिखाया दम

पेनल्टी शूटआउट में इंग्लैंड की गोलकीपर हन्ना हैम्पटन ने मैच का पासा पलट दिया। उन्होंने स्पेन की दो अहम पेनल्टी को बचाकर अपनी टीम को खिताब दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई। इनमें एक किक स्पेन की स्टार खिलाड़ी ऐताना बोनमाटी की थी, जिन्हें टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इसके अलावा मैरियोना काल्डेन्ते की पेनल्टी भी हैम्पटन ने शानदार तरीके से रोकी। हार के बाद स्पेन की ऐताना बोनमाटी ने कहा कि हम टूर्नामेंट की सबसे अच्छी टीम थे, लेकिन कभी-कभी सिर्फ बेहतर खेल ही काफी नहीं होता। अब हमारी नजरें 2027 में ब्राजील में होने वाले अगले वर्ल्ड कप पर हैं।



# डी मिनौर ने तीन चैंपियनशिप प्वाइंट बचाकर जीता वाशिंगटन खिताब

**वाशिंगटन,28 जुलाई 2025।** एलेक्स डी मिनौर ने एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 5-7, 6-1, 7-6(3) से हराकर अपना 10वां टूर-स्तरीय खिताब जीत लिया। इस दौरान उन्होंने तीन चैंपियनशिप प्वाइंट बचाए। खिताबी जीत के बाद, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर इस हफ्ते एटीपी लाइव रैंकिंग में पांच स्थान की छलांग लगाते हुए आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके साथ एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में भी वह दो स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर आ गए। वहीं, स्पेन के फोकिना ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए लाइव रैंकिंग में सात स्थान की छलांग लगाई और टॉप 20 में वापसी करते हुए अब वह 19वें स्थान पर पहुंचे। रेस टू ट्यूरिन में भी उन्होंने सात पायदान की छलांग लगाकर 11वां स्थान हासिल किया है। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने फाइनल सेट में 5-4 के स्कोर पर अपनी सर्विस करते हुए तीन चैंपियनशिप प्वाइंट बचाए। ऐसा तब हुआ, जब स्पेनिश खिलाड़ी ने खिताब के लिए सर्विस 30/0 से ब्रेक की थी। एटीपी के मुताबिक, डी मिनौर हार से सिर्फ 16 मिलीमीटर दूर थे,जब उनके प्रतिद्वंद्वी के तीसरे मैच प्वाइंट पर मारा गया एक डेस्परेट लॉब साइडलाइन को छू गया। यहीं से पूरे मैच का रुख बदल गया।

खिताबी जीत के बाद डी मिनौर ने कहा,इस कोर्ट की खासियत है। मैंने 2018 में रुबलेव के खिलाफ भी ऐसा ही किया था। सच कहूं तो पता था कि मैं यह कर सकता हूं। मैंने खुद पर भरोसा किया। मैंने खुद से कहा कि चाहे जो हो, पूरी तरह से प्रतिबद्ध रहूंगा। अगर हार भी गया,तो अपनी शर्तों पर हारूंगा। आज किस्मत मेरे साथ थी। इससे पहले कई ऐसे करीबी मुकाबले हुए, जो मेरे पक्ष में नहीं रहे, लेकिन खुशी है कि यह मैच मेरे पक्ष में रहा। डी मिनौर ने हालिया सफलता का श्रेय अपनी मानसिकता को देते हुए कहा, मैं इस समय जहां हूं,उससे बहुत खुश हूं। कोर्ट के अंदर और बाहर चीजों को संभालने के तरीके से भी खुश हूं। मेरा मानना था कि भले ही यह दिन मेरे अनुकूल न रहा हो, लेकिन यह हफ्ता बहुत सकारात्मक रहा। इसलिए मुझे अपने प्रयासों पर गर्व था। चाहे कुछ भी हो,लेकिन 10 वां खिताब जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है।÷

# मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ होने पर भी टीम इंडिया ने रचा इतिहास

### ऑस्ट्रेलिया का वर्ल्ड रिकॉर्ड ध्वस्त

**मैनचेस्टर,28 जुलाई 2025।** भारत और इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर खेला गया चौथा टेस्ट मैच रोमांचक अंदाज में ड्रॉ पर समाप्त हुआ। मुकाबले में इंग्लैंड ने पहली पारी में 669 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर मैच पर पकड़ मजबूत करने की कोशिश की थी, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों की दमदार वापसी ने मैच का रुख ही मोड़ दिया। खासकर दूसरी पारी में भारत ने जिस तरह संघर्ष किया, उसने न सिर्फ मैच बचाया बल्कि एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना दिया।

### भारतीय बल्लेबाजों ने किया कमाल

पहली पारी में 358 रनों पर ऑलआउट होने के बाद ऐसा लग रहा था कि टीम इंडिया इस टेस्ट में मुश्किल में फंस सकती है। मगर दूसरी पारी में बल्लेबाजों ने जबरदस्त संयम और कौशल का प्रदर्शन किया। कप्तान शुभमन गिल ने शानदार 103 रनों की कप्तानी पारी खेली,वहीं रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने नाबाद शतक जमाकर इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेल दिया। इन दोनों के बीच हुई 203 रनों की साझेदारी ने न सिर्फ भारत को हार से बचाया, बल्कि मैच को ऐतिहासिक ड्रॉ में बदल दिया। भारत ने दूसरी पारी में महज 4 विकेट खोकर 425 रन बना डाले और मैच के नतीजे की सारी संभावनाओं पर विराम लगा दिया।



### ऑस्ट्रेलिया का कीर्तिमान चकनाचूर

मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ होने के साथ ही भारत ने एक खास वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया। टीम इंडिया अब एक ही टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा बार 350 या उससे ज्यादा रन बनाने वाली टीम बन गई है। इस तरह ऑस्ट्रेलिया का बहुत पुराना वर्ल्ड रिकॉर्ड ध्वस्त हो गया। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज में 6 बार 350+ रन बनाए। यह कारनामा पहले केवल ऑस्ट्रेलिया के नाम दर्ज था।ऑस्ट्रेलिया ने यह रिकॉर्ड साल 1920-21 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में पहली बार बनाया था। फिर 1948 और 1989 में इंग्लैंड की सरजमीं पर इस आंकड़े को दोहराया गया, जब ऑस्ट्रेलिया ने इन दोनों सीरीज में 6-6 बार 350 से ज्यादा रन बनाए थे। लेकिन अब भारत ने इस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया इतिहास रच दिया है।

### इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज में भारत का प्रदर्शन

लीड्स टेस्टः पहली पारी - 471 रन, दूसरी पारी - 364 रन

एजबेस्टन टेस्टः पहली पारी - 587 रन, दूसरी पारी - 427/6 (घोषित)

तीसरा टेस्टः पहली पारी - 387 रन, दूसरी पारी -170 रन

चौथा टेस्टः पहली पारी - 358 रन, दूसरी पारी - 425/4 रन

साल 1884 से लेकर अब तक मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए 86 टेस्ट मैचों में पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी टीम ने दोनों पारियों में 350 से ज्यादा का स्कोर बनाया। 141 सालों के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में टीम इंडिया से पहले कोई भी टीम ऐसा नहीं कर पाई थी।

# एडिलेड स्ट्राइकर्स ने डब्ल्यूबीबीएल 11 और बीबीएल 15 से पहले जेम्मा बार्स्बी और लियाम स्कॉट के साथ फिर से करार किया


**नई दिल्ली,28 जुलाई 2025।** एडिलेड स्ट्राइकर्स ने आगामी महिला बिग बैश लीग 11 और बीबीएल 15 सीज़न से पहले दो प्रमुख खिलाड़ियों,जेम्मा बार्स्बी और लियाम स्कॉट के साथ फिर से करार की घोषणा की है। दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान जेम्मा,ब्रिस्बेन हीट और पर्थ स्कॉर्चर्स के साथ सफल कार्यकाल के बाद डब्ल्यूबीबीएल 2007 में स्ट्राइकर्स में शामिल हुईं। दो बार की डब्ल्यू बीबीएल स्ट्राइकर्स चैंपियन शिप विजेता ने नीले रंग में अपने पहले सीज़न में ही तुरंत प्रभाव डाला, और अपनी साथियों के बीच दूसरी सबसे अच्छी गेंदबाजी इकोनॉमी का दावा किया। वह इस सीज़न में स्ट्राइकर्स के स्पिन आक्रमण में एक और विकल्प जोड़ती हैं जिसमें इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन के साथ लेग स्पिनर अमांडा-जेड वेलिंगटन और एनेसु मुशांगवे शामिल होंगी। एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ अपना सफ़र जारी रखना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। इस टीम के साथ दो चैंपियनशिप जीतना बेहद ख़ास रहा है,और मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूँ कि आने वाले सीज़न में हम साथ मिलकर क्या हासिल कर सकते हैं। मुझे टीम की संस्कृति बहुत पसंद है, और मैं लड़कियों के साथ फिर से मैदान पर उतरने के लिए उत्सुक हूँ, बार्स्बी ने स्ट्राइकर्स द्वारा जारी एक बयान में कहा।





# लक्ष्य सेन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

**नई दिल्ली,28 जुलाई 2025।** सुप्रीम कोर्ट ने जन्म प्रमाण में जालसाजी मामले में भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने लक्ष्य के खिलाफ एफआईआर रद्द कर दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि लक्ष्य सेन के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही जारी रखना अनुचित है और यह अदालती प्रक्रिया का दुरुपयोग है। अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शटलर लक्ष्य सेन पर साल 2022 में उम्र का गलत विवरण देने का आरोप लगा था। बेंगलुरु पुलिस ने नागराजा एमजी नाम के शख्स की शिकायत के बाद लक्ष्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। लक्ष्य सेन पर जूनियर स्तर पर प्रतिस्पर्धा करते हुए आयु-प्रतिबंधित टूर्नामेंटों में प्रवेश पाने के लिए अपनी उम्र में हेरफेर करने का आरोप लगा था। इसके बाद एक स्थानीय अदालत ने पुलिस को लक्ष्य के खिलाफ आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया था। लक्ष्य बेंगलुरु में प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन एकेडमी में प्रशिक्षण लेते हैं। एफआईआर में नामित लोगों में लक्ष्य,उनके कोच विमल कुमार, उनके पिता धीरेंद्र सेन,उनके भाई चिराग और मां निर्मला सेन के नाम शामिल थे। लक्ष्य और बाकी लोगों पर धारा 420 (धोखाधड़ी), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी) और 471 (जाली रिकॉर्ड को वास्तविक के रूप में उपयोग करना) समेत विभिन्न आईपीसी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।



# मौनी रॉय की सलाकार का टीजर जारी




अगस्त के महीने में हर बार देशभक्ति से भरपूर फिल्में और वेब सीरीज भारी मात्रा में रिलीज होती हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही होने वाला है। इसी क्रम में अब एक और प्रोजेक्ट सलाकार' भी अगस्त के महीने में रिलीज होने वाला है। जिसमें जासूसी से भरी कहानी दिखाई जाएगी। कहानी भारत-पाकिस्तान आधारित होगी।जियो हॉटस्टार ने अपने नए प्रोजेक्ट सलाकार' की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट कर दी है। मेकर्स की ओर से जारी किए गए अनाउंसमेंट वीडियो की शुरुआत एक वॉइस ओवर से होती है। इसमें कहा जाता है कि जनरल जिया बनाना चाहता है पाकिस्तान के लिए पहला न्यूक्लियर बम। इसके साथ ही प्रोजेक्ट के मुख्य कलाकार मुकेश ऋषि, नवीन कस्तुरिया और मौनी रॉय की झलक भी देखने को मिलती है। इसकी कहानी सच्ची घटनाओं पर आधारित है। सीरीज की कहानी भारत-पाकिस्तान पर आधारित है। जहां पाकिस्तान को रोकने के लिए भारत एक होशियार अधिकारी को वहां भेजती है। जो स्पाई भी है और अधिकारी भी है। वीडियो में उसे तुरुप का इक्का बताते हुए उसकी खूबियां गिनाई जाती हैं। जो पूर्व आईपीएस ऑफिसर भी है। वो पाकिस्तान में छिपकर रहता है। सलाकार' की कहानी कहीं न कहीं राष्ट्रीय सलाहकार अजीत डोभाल पर आधारित है। जिसमें नवीन कस्तुरिया ने अजीत डोभाल का किरदार निभाया है। सलाकार' की कास्ट की बात करें तो इस छोटे से वीडियो में नवीन कस्तुरिया, मौनी रॉय और मुकेश ऋषि नजर आते हैं। मुकेश ऋषि पाकिस्तानी जनरल जिया के किरदार में दिखाई दिए हैं। जबकि नवीन सलाकार' की मुख्य भूमिका में नजर आए हैं। 8 अगस्त से सलाकार' जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम करेगी।

# 90 दशक का वो पहला एक्टर,जिसे फीस के तौर पर ऑफर हुए थे 1 करोड़ रुपये,फिल्म ने भी किया था बजट से ढाई गुना कलेक्शन

आजकल जहां सुपरस्टार्स करोड़ों में फीस लेते हैं। वहीं 1990 के दशक के इस एक्टर ने करोड़ों रुपये फीस लेने से मना कर दिया था,जबकि ये पहला ऐसा अभिनेता था, जिसको डायरेक्टर ने सामने से 1 करोड़ ऑफर किए थे। जब फिल्म बनी तो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी। आजकल फिल्मों में 1-2 करोड़ फीस मायने नहीं रखती। क्योंकि ये बात अब 200 करोड़ के पार पहुंच चुकी है। बॉलीवुड से लेकर साउथ इंडस्ट्री के सुपरस्टार्स एक फिल्म के लिए अब मोटा पैसा चार्ज करते हैं। साथ ही फिल्म के प्रॉफिट में भी अपना हिस्सा लेते हैं। मगर ये एक्टर 1990 के दशक में जितनी फीस लेता था, उससे ज्यादा ही मेकर्स ने ऑफर किए थे और वह उस समय 1 करोड़ फीस लेने वाला पहला एक्टर बनने वाला था। अपने दमदार अभिनय,आवाज और कद-काठी के लिए दिलों पर राज करने वाले सौदागर ने पांच दशकों से भी ज्यादा समय तक इंडस्ट्री पर राज किया है। इनका नाम अमिताभ बच्चन है। उन्होंने जया प्रदा के साथ रिलीज हुई फिल्म आज का अर्जुन के लिए मोटी फीस ली थी। इस मूवी को केसी बोकाडिया ने डायरेक्ट किया था और प्रोड्यूसस भी। सुरेश ओबेरॉय, किरण कुमार और अमरीश पुरी जैसे खलनायकों से सजी ये फिल्म जब थिएटर्स में ये उतरी तो इसने कमाई के सारे रिकॉर्ड भी तोड़ दिए थे।




### अमिताभ बच्चन की आज का अर्जुन में फीस

एक वक्त था,जब अमिताभ बच्चन के साथ कोई काम नहीं करना चाहता था। क्योंकि उनकी बैक-टू-बैक कई फिल्में फ्लॉप हो रही थीं। लेकिन उसके पहले जब स्टाडरम चरम पर था तो केसी बोकाडिया ने आज का अर्जुन में उनको कास्ट किया था और इसके लिए बतौर फीस 1 करोड़ रुपये का ऑफर भी दिया था, जो उस वक्त किसी एक्टर ने नहीं चार्ज की थी।

### अमिताभ बच्चन लेते थे 70 लाख फीस

केसी बोकाडिया ने इंटरव्यू में बताया कि व एक प्रोड्यूसस के तौर पर काम कर रहे थे और आज का अर्जुन उनकी बतौर डायरेक्टर पहली मूवी थी। सदी के महानायक के मैनेजर नहीं चाहते थे कि एक्टर केसी की फिल्म में काम करें क्योंकि उन्होंने इसके पहले किसी फिल्म को डायरेक्ट नहीं किया था। उन्होंने बताया कि मैनेजर ने उनसे कहा था कि अमित जी 80 लाख रुपये फीस लेते हैं लेकिन प्रोड्यूसर जानते थे कि वह झूठ बोल रहे हैं। बिग बी 70 लाख रुपये चार्ज करते थे।

### अमिताभ बच्चन को ऑफर हुई 1 करोड़ फीस

केसी बोकाडिया ने बताया कि उन्होंने अमिताभ बच्चन की फीस कम करने के बजाय,उनको बढ़ाकर ऑफर की थी। उन्होंने बिग बी को 1 करोड़ रुपये ऑफर किया था। मैनेजर को लगा कि वह 80 लाख बताएगा तो मैं फिल्म में अमित जी को नहीं लूंगा और पीछे हट जाऊंगा। लेकिन मैं उनके साथ काम करने के लिए एक्साइटेड थे। मैंने कहा कि अगर इतना ही है तो मैं उनको एक करोड़ रुपये देने के लिए तैयार हूं।

### आज का अर्जुन का बजट और बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

अमिताभ बच्चन ने आज का अर्जुन करने के लिए हां कह दी लेकिन सिर्फ 70 लाख रुपये लिए। क्योंकि वह उतनी ही फीस लेते थे। फिल्म बनी और रिलीज हुई, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही। 3.5 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस मूवी ने भारत में 7 करोड़ रुपये की कमाई की है। दुनियाभर में इसने कुल 10 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### नागपंचमी आज,अनेक स्थानों पर होंगे कुश्ती



**रायपुर,28 जुलाई 2025 (ए)।** राजधानी के विभिन्न अखाड़ों में कुश्ती का आयोजन किया जाएगा। गुढ़ियारी, पुरानी बस्ती सहित अन्य व्यायाम शालाओं में यह आयोजन किया जाएगा। नागपंचमी के दिन नागों की पूजा की जाती है, वे हमारे प्राकृतिक रूप से मित्र हैं। भागवान भोले के गले में विराजमान रहते हैं, सावन सोमवार होने के कारण आज भी कांवड़ियों ने शिवालयों में पूजा अर्चना की। तृतीय सावन सोमवार को अनेक स्थानों पर शिवकारे में नारे गूंजे, तीन अगस्त को राजेश मूणत द्वारा कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी, जो गुढ़ियारी हो कर लाखेनगर होते रायपुरा चौक पहुंचेगी। इसमें भक्त बड़ी संख्या में भाग लेंगे, बड़ी संख्या में महिलाएं हरी चुड़िया एवं हरी साड़िया पहनकर पूजा पाठ कर रही है।

### कांस्टेबल को हाईकोर्ट ने लगाई फटकार



### भरण-पोषण देने से बचने खुद को बता रहा एड्स संक्रमित

**बिलासपुर ,28 जुलाई 2025 (ए)।** कांस्टेबल ने पत्नी और बेटी द्वारा दायर भरण-पोषण के आदेश को चुनौती दी थी,जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि फैमिली कोर्ट का आदेश पूरी तरह वैध है, उसमें हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं है। कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद कहा कि कांस्टेबल अपनी पिता की जिम्मेदारी से भाग नहीं सकता, उसे अपनी बेटी को भरण-पोषण देना होगा।

### फाइनेंस कंपनी में कार्यरत युवक रहस्यमयी ढंग से लापता

» जली हुई बाइक जंगल में मिली

**महासमुंद, 28 जुलाई 2025 (ए)।** पिथौरा थाना क्षेत्र में एक निजी फाइनेंस कंपनी में काम करने वाला युवक अमित चौधरी 25 जुलाई की शाम से लापता है। पुलिस को उसकी बाइक जंगल में जली हुई हालत में मिली, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। लापता युवक को आखिरी बार पिथौरा बस स्टैंड के पास एक होटल के बाहर देखा गया था।



### लीज के बहाने आदिवासियों की जमीन पर व्यापारियों का कब्जा

**रायपुर,28 जुलाई 2025 (ए)।** वन भूमि अधिकार के तहत भारत में सबसे ज्यादा दावे छत्तीसगढ़ में पेश किए गए हैं। यहां आदिवासियों की जमीनों पर कब्जा करने के लिए होड़ मची हुई है। बस्तर और सरगुजा जैसे आदिवासी बाहुल इलाकों में गैर-आदिवासी व्यापारी लीज के बहाने कब्जा कर रहे हैं, तो कुछ जमीन के बदले कुछ पैसे दे रहे हैं। इसके बाद पक्का ढांचा बनाकर कब्जा करने के बाद वन अधिकार भूमि के पट्टे का दावा करते हैं। पेश किए गए दावे में से आधे खारिज भी कर दिए गए हैं।



# हर-हर महादेव से गूंज उठा भोरमदेव

## सीएम साय ने हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर हजारों कांवड़ियों का किया भव्य स्वागत...





**रायपुर,28 जुलाई 2025 (ए)।** सावन मास के तीसरे सोमवार को छत्तीसगढ़ के प्राचीन, धार्मिक, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व के तीर्थ स्थल बाबा भोरमदेव मंदिर में भक्ति और श्रद्धा की गूंज उस समय चरम पर पहुँच गई जब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हजारों कांवड़ियों और शिवभक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। इस शुभ अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्रीद्वय विजय शर्मा और अरुण साव उपस्थित थे।

यह लगातार दूसरा वर्ष है जब मुख्यमंत्री स्वयं श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पुष्पवर्षा कर रहे हैं। पुष्पवर्षा के पश्चात् मुख्यमंत्री साय ने बाबा भोरमदेव मंदिर पहुंचकर मंत्रोच्चारण, विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक किया तथा प्रदेश की समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री साय ने मंदिर परिसर में उपस्थित कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं से भेंट कर उनका हालचाल जाना और पूरे आत्मीय भाव से अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सावन मास के तीसरे सोमवार को बाबा भोरमदेव की पावन धरती पर शिवभक्तों के साथ जुड़ना मेरे लिए अत्यंत सौभाग्य और गर्व का विषय है। हजारों श्रद्धालु सैकड़ों किलोमीटर की पदयात्रा कर भगवान भोलेनाथ के दर्शन हेतु यहां पहुंचे हैं–यह हमारी आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत की जीवंत मिसाल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अमरकंटक से 151 किलोमीटर पदयात्रा कर भोरमदेव मंदिर में जलाभिषेक करने वाली पंडरिया विधायक भावना बोहरा को भगवा वस्त्र और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत भोरमदेव कॉरिडोर विकास के लिए 146 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी दी गई है। यह परियोजना न केवल मंदिर परिसर का कायाकल्प करेगी,बल्कि मड़वा महल,छेरकी महल,रामचुवा से लेकर सरोदा जलाशय तक एक समग्र धार्मिक-पर्यटन कॉरिडोर के रूप में विकसित की जाएगी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ से अमरकंटक जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मध्यप्रदेश के अनूपपुर में 5 एकड़ भूमि आबंटन की प्रक्रिया जारी है, जहाँ एक भव्य श्रद्धालु भवन का निर्माण प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं को सावन मास की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हेलीकॉप्टर से की गई पुष्पवर्षा इस पुण्य अवसर की महत्ता को और भी अभूतपूर्व बना गई है।

### पौराणिक परंपरा का गौरव: भक्ति से सराबोर हुआ बाबा भोरमदेव परिसर

सावन मास में भगवान शिव–देवों के देव–के जलाभिषेक की परंपरा सदियों से चली आ रही है। कवर्धा से 18 किलोमीटर दूर ग्राम चौरा में स्थित 11वीं शताब्दी का यह भोरमदेव मंदिर ऐतिहासिक, धार्मिक और पुरातात्विक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। श्रावण मास में छत्तीसगढ़ के कबीरधाम,मुंगेली,बेमेतरा, खैरागढ़,राजनांदगांव सहित मध्यप्रदेश के अमरकंटक से हजारों श्रद्धालु पदयात्रा कर बाबा भोरमदेव, बूढ़ा महादेव और डोंगरिया के प्राचीन जलेश्वर शिवलिंग में जलाभिषेक करने आते हैं। श्रद्धालु माँ नर्मदा से जल भरकर नंगे पाँव और भगवा वस्त्रों में 150 किलोमीटर से अधिक की दुर्गम यात्रा कर ÷बोल बम÷ के जयघोष और भजनों के साथ भोरमदेव, जलेश्वर महादेव और पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर पहुँचते हैं।



# रवि भगत के समर्थन में उतरे पूर्व सीएम भूपेश बघेल

## भाजपा में अंतरकलह को बताया अडानी कनेक्शन



**रायपुर,28 जुलाई 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ की सियासत एक बार फिर गरमाती नज़र आ रही है। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और भाजपा के बीच तीखी जुबानी जंग छिड़ गई है। जहां भूपेश बघेल ने रवि भगत का खुलकर समर्थन किया है,वहीं भाजपा ने पलटवार करते हुए कांग्रेस और भूपेश बघेल पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

### अडानी के प्रवक्ता से सवाल पूछना बना अपराध

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने फेसबुक पोस्ट और ट्वीट के जरिए भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा रवि भगत,जो कि छत्तीसगढ़ भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष हैं,उन्हें पार्टी से निष्कासित करने की धमकी सिर्फ इसलिए दी जा रही है क्योंकि उन्होंने 'अडानी संचार विभाग' के एक मंत्री से लगातार डीएमएफ और सीएसआर फंड में हो रहे भ्रष्टाचार पर सवाल पूछे। बघेल ने यह भी कहा कि रवि भगत की विचारधारा अलग हो सकती है,लेकिन एक मेहनती आदिवासी युवा को धमकाकर भाजपा यह संदेश देना चाहती है कि कोई भी न अडानी के लोगों से सवाल करेगा, न भ्रष्टाचार से पर्दा हटाएगा।

### भूपेश के पोस्ट पर भाजपा का पलटवार

प्रदेश भाजपा के सह मीडिया प्रभारी अनुराग अग्रवाल ने बघेल पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा आपने अपने बेटे की गिरफ्तारी के विरोध में पूरी कांग्रेस को लगा दी, लेकिन जब बात आदिवासी नेता कवासी लखमा की आती है, जिनके नाम पर आपने करोड़ों बनाए, तो आप चुप रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भूपेश बघेल ने आदिवासी नेता मोहन मरकाम को डीएमएफ फंड पर सवाल उठाने के बाद प्रदेश अध्यक्ष पद से हटवा दिया था। साथ ही, जब कोरबा कलेक्टर रानू साहू ने डीएमएफ फंड के दुरुपयोग की बात उठाई, तो उन्हें सजा देने की बजाय प्रमोशन दिया गया।

### डीएमएफ पर गीत बना विवाद का कारण

पूरे विवाद की शुरुआत तब हुई जब भाजयुमो अध्यक्ष रवि भगत ने सोशल मीडिया पर एक गीत पोस्ट किया, जिसमें डीएमएफ फंड में कथित भ्रष्टाचार पर सवाल उठाए गए। गीत में अप्रत्यक्ष रूप से राज्य सरकार और संबंधित मंत्री पर कटाक्ष किया गया था। इसके बाद भाजपा ने रवि भगत को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

**राजनीतिक हलचल तेज़**

भूपेश बघेल का इस तरह खुलकर रवि भगत का समर्थन करना राजनीतिक दृष्टिकोण से अहम माना जा रहा है। विश्लेषकों का मानना है कि इससे भाजपा के अंदरूनी मतभेद सामने आ रहे हैं और कांग्रेस इसका राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है।



### बीएससी कृषि (ऑनर्स) की 556 सीटों पर 12 वीं उत्तीर्ण को मिलेगा प्रवेश

**आईजीकेव्ही में चल रही ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया**

**रायपुर,28 जुलाई 2025 (ए)।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी कृषि (ऑनर्स) स्नातक पाठ्यक्रम में 12वीं परीक्षा के परिणामों के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के बीएससी कृषि (ऑनर्स) स्नातक पाठ्यक्रम में द्वितीय चरण की काउंसलिंग (स्पॉट काउंसलिंग) के बाद 556 रिक्त सीटों पर 12 वीं परीक्षा के परिणामों के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। बीएससी कृषि (ऑनर्स) स्नातक पाठ्यक्रम में उपलब्ध कुल 2015 सीटों में अब तक 1459 सीटों पर प्रवेश दिया जा चुका है और 556 सीटें रिक्त हैं। 30 जुलाई 2025 को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अभ्यर्थियों की प्रावीण्य सूची अपलोड की जाएगी। 31 जुलाई से 2 अगस्त तक अभ्यर्थियों को सीट आबंटन व फीस जमा करने कृषि महाविद्यालय रायपुर में उपस्थित होना होगा। काउंसिलिंग संबंधित दिशा-निर्देशों की अधिक जानकारी के लिए विश्व विद्यालय की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू. आईजीकेव्ही. एसी.आईएन का अवलोकन कर सकते हैं। इस अवधि में पंजीयन करने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित नियमों के तहत प्रावीण्यता के आधार पर उपरोक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा।

# तहसीलदारों की हड़ताल शुरू



» दफ्तरों में 3 दिनों तक कामकाज रहेंगे ठप्प...

» सरकार के समक्ष रखीं 17 सूत्रीय मांगें

**रायपुर,28 जुलाई 2025 (ए)।** प्रदेश भर में आज से तहसीलदारों की 3 दिवसीय हड़ताल शुरू हो गई है। कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले हो रहे इस आंदोलन में तहसीलदार और नायब तहसीलदार हिस्सा ले रहे हैं। इस हड़ताल के चलते तहसीलों में 3 दिन तक यानी 30 जुलाई तक कोई भी काम नही होंगे। संघ ने 18 जुलाई को ज्ञापन देकर आंदोलन की चेतावनी दी थी।

### लंबे समय से मांग कर रहे हैं राजस्व के अफसर

दरअसल,लंबे समय से प्रदेश के राजस्व अफसरों की मांग पूरी नहीं की जा रही है। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा पूर्व में भी विभाग एवं शासन को समय-समय पर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया है. विभाग एवं शासन से संसाधनों की कमी, मानवीय संसाधन, तकनीकी सुविधाएं, सुरक्षा, शासकीय वाहन एवं प्रशासनिक सहयोग जैसी मांगे की गयी है। लेकिन अभी तक मांगों की अनदेखी की जा रही है। जिसके विरोध में आज से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया है। इसके तहत पहले दिन 28 जुलाई को जिला स्तर पर सामूहिक अवकाश लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। 29 जुलाई को संभाग स्तर पर सामूहिक अवकाश एवं प्रदर्शन किया जाएगा और 30 जुलाई को प्रदेश स्तर पर सामूहिक अवकाश लेकर राजधानी में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। यदि 30 जुलाई तक तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों समेत सभी राजस्व अफसरों की मांग पूरी नहीं की जाती है तो इसके बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जायेगा।

# डिप्टी रेंजर के 6 ठिकानों पर विजिलेंस का छापा



### डेढ़ करोड़ नगद और सोना-चांदी बरामद

**जगदलपुर,28 जुलाई 2025 (ए)।** बस्तर से सटे ओडिशा में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई सामने आई है। रविवार सुबह ओडिशा सतर्कता विभाग (विजिलेंस) ने वन विभाग के डिप्टी रेंजर रामचंद्र नेपक के 6 ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। इस कार्रवाई में डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक नगदी के साथ भारी मात्रा में सोना-चांदी के आभूषण भी जब्त किए गए हैं। छापेमारी की यह कार्रवाई ओडिशा के जयपुर, भुवनेश्वर सहित 6 अलग-अलग ठिकानों पर की गई। जयपुर स्थित गोल्डन हाइट्स अपार्टमेंट से सबसे ज्यादा नगदी और कीमती सामान बरामद किया गया।

# इसाई धर्मांतरित ग्रामीण के शव के कफन-दफन पर ग्रामीणों ने किया बवाल

## चर्च में की तोड़फोड़,गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात

**कांकेर,28 जुलाई 2025 (ए)।** बस्तर के कांकेर जिले के जामगांव में धर्मांतरण का मामला गरमाया हुआ है। इसाई धर्मांतरित ग्रामीण की मौत के बाद उनके शव को दफनाने पर दो दिनों से गांव में तनाव की स्थिति है। आज आक्रोशित भीड़ ने चर्च में घुसकर तोड़फोड़ की। गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। ग्रामीणों को रोकने की कोशिश की जा रही है।

इस मामले में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ईसाई समुदाय ने गांव की जमीन पर जबरन शव को दफनाया है। इससे आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने चर्च में घुसकर तोड़फोड़ की है। इस मुद्दे को लेकर जामगांव सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों की मांग है कि दफनाया गया शव बाहर निकालकर ईसाई कब्रिस्तान में दफन किया जाए अन्यथा वे उग्र आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों की चेतावनी के बाद गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।



### शव को बाहर निकाला जाएगा...

मृतक सोमलाल राठौर के भाई ने बताया कि हमारे गांव की परंपरा को तोड़ा गया है। हमें बिना बताए शव को दफना दिया गया। हमारी मांग है कि शव को बाहर निकाला जाए, ताकि रीति रिवाज से उनका अंतिम संस्कार कर सकें। गोटियावाही के सरपंच राजेंद्र मरकाम ने कहा, शव को दफनाने से लोगों की भावनाएं आहत हुई है। प्रशासन को इसका समाधान निकालना चाहिए।

### जल्द उचित निर्णय ले प्रशासन'

जामगांव की सरपंच भगवती उईके ने कहा,मौजूदा स्थिति बेहद तनावपूर्ण है। हम प्रशासन से मांग करते हैं कि समय रहते उचित निर्णय लिया जाए। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है,लेकिन ग्रामीणों की नाराजगी को देखते हुए हालात कभी भी बिगड़ सकते हैं। जिला प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

# शतरंज की बिसात पर भारत की बेटियों ने रचा इतिहास

### विष्णुदेव साय ने दी बधाई...

**रायपुर,28 जुलाई 2025 (ए)।** शतरंज की बिसात पर भारत की बेटियों ने इतिहास रच दिया है, विष्णुदेव साय ने बधाई देते हुए कहा, एफ आई डी महिला शतरंज विश्व कप-2025 के फाइनल में भारत के लिए यह गर्व का क्षण था, जब भारत की बेटियाँ आमने-सामने रहीं। प्रतियोगिता में दिव्या देशमुख ने खिताब अपने नाम किया, वही कोनेरू हम्पी प्रतियोगिता की रनरअप बनी। यह केवल एक मैच नहीं था,बल्कि यह एक नए भारत की तस्वीर थी, जहाँ बेटियाँ न सिर्फ सपने देखती हैं,बल्कि उन्हें पूरी दुनिया के सामने साकार भी करती हैं। दोनों चैंपियनों ने पूरे टूर्नामेंट में जिस दृढ़ संकल्प,एकाग्रता और लगन का परिचय दिया,वह देश के युवाओं, खासकर बेटियों के लिए एक प्रेरणा है। आप दोनों की उपलब्धि पर पूरा भारत गौरवान्वित है। देश की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए आप दोनों को हार्दिक शुभकामनाएँ।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)